# जेईई मेन सत्र-1 में आदित्य ने 99.954 पर्सेंटाइल के साथ रचा इतिहास

**दिखायी मेधा**

- श्री साईं इंटर कॉलेज के तीन छात्रों के 99 से अधिक पर्सेंटाइल
- 40 छात्रों ने 90 से अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त कर लहराया परचम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एनटीए द्वारा देर शाम घोषित किए गए जेईई मेन सत्र-1 के परिणाम में श्री साईं इंटर कॉलेज बड़ेल कैनाल रोड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फिर जिले का गौरव बढ़ाया। श्री साईं इंटर कॉलेज के छात्र आदित्य वर्मा ने 99.954 पर्सेंटाइल हासिल कर जिले में टॉप किया।

उन्होंने आसपास के कई जिलों में भी सर्वाधिक पर्सेंटाइल अर्जित कर सफलता का परचम लहराया। आदित्य के पिता किसान हैं तथा माता गृहणी हैं। साधारण परिवार से आने वाले आदित्य का सपना कंप्यूटर इंजीनियर बनने का है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, परिजनों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आदित्य समेत तीन छात्रों ने 99 से अधिक पर्सेंटाइल अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया। वहीं लगभग 40 विद्यार्थियों ने 90 पर्सेंटाइल से अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त किये। परिणाम घोषित होते ही मंगलवार को कॉलेज परिसर से लेकर मेधावी छात्रों के घरों तक जश्न का माहौल रहा। कॉलेज के आयुष ने 99.29 पर्सेंटाइल तथा नयन ने 99.17 पर्सेंटाइल हासिल किए। अमन ने 98.83 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। आयुष वर्मा व अभिमन्यु ने 98.04 पर्सेंटाइल, दीपक ने 98.03, आर्यन ने 98.01, शशांक ने 97.95, हर्षित ने 97.83, अर्पित ने 97.43, अंशिका ने 96.92, अंकुर ने 96.53, सोभित ने 96.46, अमन ने 96.24, करन ने 96.13, पीयूष ने 95.50, महक ने 94.95, कपीश ने 94.50, नैनषी ने 94.13, सिद्धार्थ निश्चल ने 93.48, शिवेंद्र ने 92.93, अभ्युदय ने 92.34, पार्थ ने 92.09, अभिषेक ने 91.83, निखिल ने 91.78, अंश ने 91.58, शगुन ने 91.28, अथर्व ने 91.26, श्रेया ने 90.86, तान्या व आदर्श ने 90.64, श्रेयांश व आरुष ने 90.61, सहर्ष ने 90.55, आयुष ने 90.45, कार्तिकेय ने 90.35 और अभय पटेल ने 90.31 पर्सेंटाइल हासिल किया।

**5 लाख का मिलेगा पुरस्कार :** छात्रों की इस सफलता से गदगद कॉलेज प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि उत्कृष्ट फैकल्टी, गुणवत्तापूर्ण स्टडी मटेरियल और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि आदित्य विद्यालय का एक अद्भुत प्रतिभा का धनी छात्र है, जिससे विद्यालय परिवार को बड़ी उम्मीदें थीं, और उसने उन उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरकर सबका मान बढ़ाया है।



जेईई मेन सत्र-1 टापर्स के साथ कॉलेज के प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा। ● अमृत विचार



आदित्य (99.95 पर्सेंटाइल)



आयुष (99.29 पर्सेंटाइल)



नयन (99.17 पर्सेंटाइल)

उन्होंने जानकारी दी कि अप्रैल माह में जेईई मेंस सत्र-2 की परीक्षा आयोजित होगी, जिसके बाद 17 मई को जेईई एडवांस की परीक्षा होगी। विद्यालय को पूर्ण विश्वास है कि आदित्य जेईई एडवांस में भी नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की है कि यदि आदित्य की जेईई एडवांस में ऑल इंडिया रैंक 500 के भीतर आती है तो उसे तीन लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, यदि उसकी ऑल इंडिया रैंक टॉप 100 में आती है तो विद्यालय की ओर से पांच लाख का पुरस्कार दिया जाएगा।

**मेहनत पर भरोसा रखें :** अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए छात्र आदित्य ने कहा कि वह अपनी उपलब्धि का श्रेय सबसे पहले स्वयं को, अपने परिवार और विद्यालय परिवार को देते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत और दृढ़ संकल्प ही उनकी सफलता का मूल मंत्र रहा है। उन्होंने दूसरे विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि अपनी मेहनत पर भरोसा रखना चाहिए। कोई भी कोचिंग या मार्गदर्शन केवल सहायता कर सकता है, लेकिन असली मेहनत स्वयं को ही करनी पड़ती है।

## आर्यन ने हासिल किये 97.23 परसेंटाइल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के मुनेश्वर विहार कॉलोनी स्थित एम.बी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था और जनपद का नाम रोशन किया है। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच छात्रों ने शानदार अंक हासिल कर यह साबित किया कि सतत परिश्रम और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। प्रमुख सफल विद्यार्थियों में आर्यन पटेल ने 97.23 पर्सेंटाइल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अभिषेक वर्मा ने 96.04 पर्सेंटाइल, प्रखर पटेल ने 93.11 पर्सेंटाइल और सक्षम वर्मा ने 90.58 पर्सेंटाइल अंक अर्जित किए। इन उपलब्धियों से अभिभावकों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। कॉलेज के संस्थापक और प्रबंधक दिनेश सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम सुधारना नहीं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में अग्रणी बनाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी एम.बी. कॉलेज के विद्यार्थी नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।



आर्यन (97.23 पर्सेंटाइल)



अभिषेक वर्मा (96.04 पर्सेंटाइल)



प्रखर पटेल (93.11 पर्सेंटाइल)



सक्षम वर्मा (90.58 पर्सेंटाइल)

## हैदरगढ़ के अमर का जेईई मेन में 98.32% स्कोर

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** जेईई मेन में लालपुर, हैदरगढ़ के छात्र अमर श्रीवास्तव ने 98.32% अंक हासिल किये। अमर ने अपने पहले प्रयास में ही सफलता प्राप्त की। अमर के पिता देवेंद्र प्रताप श्रीवास्तव शिक्षक हैं और माता स्वास्थ्य विभाग में तैनात हैं। अमर ने अपनी तैयारी का श्रेय कड़ी मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग को दिया। अब वह अप्रैल में होने वाले जेईई एडवांस की तैयारी में जुट गया है। अमर वर्तमान में दिल्ली पब्लिक स्कूल, शहीद पथ, लखनऊ से इंटर फाइनल की पढ़ाई कर रहा है। परिवार और गांव में उसकी इस उपलब्धि पर खुशी की लहर है।



माता-पिता के साथ अमर।

## रेस्टोरेंट में खाद्य विभाग ने की छापेमारी



रेस्टोरेंट में कार्रवाई करती खाद्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के व्यस्ततम छाया चौराहा स्थित 'न्यू उपवन रेस्टोरेंट' में सोमवार की शाम एक परिवार को डिनर करना महंगा पड़ गया। खाने के कुछ ही देर बाद ग्राहक के पेट में असहनीय दर्द शुरू हो गया। खाने की गुणवत्ता पर सवाल उठाने और स्टाफ से शिकायत करने पर जब कर्मचारी विवाद करने पर आमादा हुए, तो पीड़ित ग्राहक ने करीब 1300 रुपये का भुगतान पूरा किया और मामला जनसुनवाई पोर्टल व सोशल मीडिया पर दर्ज कर दिया। इस शिकायत के बाद मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने रेस्टोरेंट में औचक निरीक्षण किया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में भगौती प्रसाद और डॉ. अंकिता यादव की टीम ने फ्रिज में रखे मंचूरियन, दही और क्रिस्पी कॉर्न को दूषित और दुर्गंधयुक्त पाया, जिन्हें मौके पर नष्ट करवा दिया गया। रेस्टोरेंट में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई, और संचालक को सुधार नोटिस जारी किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पनीर समेत अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिये प्रयोगशाला भेजे गये हैं।

## रमजान और होली को शांति से मनाने की अपील



पीस कमेटी की बैठक करतीं सीओ। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत की अध्यक्षता में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी रमजान और होली को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना था। क्षेत्राधिकारी ने सभी नागरिकों, धर्मगुरुओं और ग्राम प्रधानों से अपील की कि त्योहार भाईचारे का प्रतीक हैं और रंग-गुलाल खेलते समय किसी भी प्रकार के विवाद या हुड़दंग से बचा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने का अनुरोध किया। उन्होंने होली जुलूसों और रमजान के दौरान विशेष सतर्कता रखने, डीजे की आवाज़ नियंत्रित रखने और जिम्मेदार वालंटियर बनाने पर जोर दिया। बैठक में स्थानीय धर्मगुरु, ग्राम प्रधान और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने शांति और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

# शिकायतों का हो पारदर्शी निस्तारण : आयुक्त

## मण्डलायुक्त राजेश कुमार ने तहसील सिरौलीगौसपुर के कार्यालयों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मण्डलायुक्त अयोध्या राजेश कुमार ने तहसील सिरौली गौसपुर का सघन निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयों, अभिलेखागारों और न्यायालय शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव, पत्रावलियों के निस्तारण और कार्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

मण्डलायुक्त ने तहसील परिसर में उपस्थित फरियादियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और निर्देशित किया कि तहसील आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन के साथ सहयोगपूर्ण, संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। जनता दर्शन और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टि आधारित निस्तारण के निर्देश दिए, ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय सहित सभी राजस्व न्यायालयों का अवलोकन किया और लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने आदेश दिए कि मंत्री परिषद द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और संबंधित बार एसोसिएशन के साथ समन्वय स्थापित कर निस्तारण में गति लाई जाए। साथ ही, उन्होंने कार्मिकों की सेवा संबंधी समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। इस दौरान अजयकांत सैनी, अपर आयुक्त अयोध्या मण्डल, निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी, और तेजस के0, जॉइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते मण्डलायुक्त, साथ में डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### कलेक्ट्रेट में अभिलेखागारों का किया निरीक्षण

**बाराबंकी : अमृत विचार :** सिरौलीगौसपुर तहसील का निरीक्षण करने के बाद मण्डलायुक्त राजेश कुमार ने मंगलवार दोपहर जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न अभिलेखागारों और कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रखरखाव और जनसेवा से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने शस्त्र अनुभाग, आंग्ल अभिलेखागार, न्यायिक अभिलेखागार, आपदा अभिलेख शाखा, शिकायत प्रकोष्ठ और राजस्व अभिलेखागार का क्रमवार निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों की सुरक्षित रखरखाव प्रणाली, फाइलों के संधारण और अभिलेखों की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों के साथ कार्यप्रणाली पर चर्चा की। इसके साथ ही मण्डलायुक्त ने आपदा कंट्रोल रूम, संयुक्त कार्यालय, ई-डिस्ट्रिक्ट कंप्यूटर लैब और सदर नजारत कार्यालय का अवलोकन किया। उन्होंने ऑनलाइन सेवाओं की उपलब्धता, नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं के संचालन की स्थिति का जायजा लिया।

## ट्रक में आग से हाईवे पर लगा जाम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पल्हरी बाईपास के पास अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर मंगलवार को एक चलते ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे छुड़ाने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 18 टायरों वाला डंपर अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रक के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। स्थिति भांप कर चालक ने सूझबूझ दिखाई व वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक से उठतीं तेज लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को डायवर्ट कराया। आग के चलते हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका



पुलिस ने तनुज पुनिया को किया नजरबंद। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर मंगलवार को मनरेगा कानून में बदलाव और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मनरेगा बचाव विधानसभा घेराव होना था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व में शहर व जिले के हजारों कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए आगे बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। कार्यक्रम में सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा लागू किए गए अलोकतांत्रिक उपायों और प्रशासनिक रोक-टोक से आम जनमानस प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस हमेशा अहिंसात्मक रास्ते पर चलते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए काम करती रही है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा घरों पर नजरबंदी और रास्तों में रोकना संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। इस अवसर पर पूर्व प्रवक्ता और कांग्रेस उपाध्यक्ष सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, के.सी. श्रीवास्तव, राम हरख रावत, मोहम्मद इरफान कुरैशी, राजेन्द्र वर्मा, अखिलेश वर्मा, फरहान किद्वई, मोहम्मद दिलशाद, विजयपाल गौतम, ऑरिफ करपिया सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दीवार गिराने के विवाद में भिड़े दो पक्ष

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में दीवार तोड़े जाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। नगर पंचायत रामसनेहीघाट निवासी विवेक कुमार यादव ने तहरीर देकर बताया कि उनकी माता राजवती और भाई हिमांशु यादव व दिलीप घर की छत पर सो रहे थे। आरोप है कि देर रात करीब 12 बजे लवकुश, मणिकांत और अजय कुमार निवासी दलसिंहपुर दो अन्य साथियों के साथ पहुंचे और निर्माणाधीन दीवार को गिराने लगे। विरोध करने पर कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। आरोप है कि उनके भाई की पिटाई की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुमार शुक्ला ने बताया कि तीन नामजद व दो अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## राकेश टिकैत ने अमेरिका डील पर उठाए सवाल

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम दादनपुर में आयोजित किसान-मजदूर स्वाभिमान महापंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार की नीतियों और अमेरिका के साथ संभावित समझौते पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह डील लागू हुई तो किसानों और दुग्ध उत्पादकों के लिए घातक साबित होगी, जिससे दूध और कृषि व्यवसाय प्रभावित होंगे।

टिकैत ने किसान कार्यकर्ताओं से अपील की कि गांव-गांव कमेटियां बनाएं, संगठित हों और अपने हक के लिए धरना-प्रदर्शन करना सीखें। उन्होंने कहा कि आंदोलन से ही सरकार डरती है और संघर्ष ही किसानों और आने वाली पीढ़ी को बचाने का रास्ता है। कार्यक्रम में हजारों किसान कार्यकर्ता और महिलाएं शामिल रहीं। राकेश टिकैत ने क्षेत्रीय किसान सरमेल सिंह गांधी के आवास पर जाकर उनके परिजनों से भी मुलाकात की।



संबोधित करते राकेश टिकैत।

## संदिग्ध दशा में महिला की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के भाई ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए ससुरालीजनों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र की महादेवा चौकी अंतर्गत ग्राम रतनपुर निवासी मुकेश की 35 वर्षीय पत्नी संजू देवी की सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए सूरतगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें घर वापस ले आए। बताया जा रहा कि मंगलवार को परिजन निजी वाहन से संजू देवी को इलाज के लिए रामनगर ला रहे थे, तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई।

## 110 केन्द्रों पर आज से बोर्ड परीक्षा का आगाज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार से बाराबंकी में बोर्ड परीक्षा का आगाज होने जा रहा है। इसके लिए विभागीय अफसरों कर्मियों के साथ ही परीक्षार्थियों ने कमर कस ली है। कल से बाराबंकी के 110 केन्द्रों पर कुल 76 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी निर्धारित समय पर एकत्र होंगे। मंगलवार को परीक्षा से जुड़े जिम्मेदार व कर्मी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जूझते रहे। परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए इस बार कड़े इंतजाम के दावे हैं।

बता दें कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कल 18 फरवरी से शुरु हो रही हैं। इस बार परीक्षा में कुल 76316 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे, इनमें हाईस्कूल के 42264 व इंटरमीडिएट के 34062 परीक्षार्थी हैं। इस बार कुल 110 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 13 केन्द्र संवेदनशील श्रेणी में शामिल हैं। सभी केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक के साथ ही वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की गई है। हर केन्द्र पर वायस रिकार्डर वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे सारी गतिविधि कैद होती रहे। वहीं इन पर नजर बनाए रखने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। केन्द्र से सौ मीटर परिधि तक बाहरी लोगों को प्रवेश प्रतिबंधित रखा गया है। यहां बता दें कि बाराबंकी को 11 सेक्टर व 7 जोन में विभाजित किया गया है। इसके साथ ही पांच सचल दस्ते अपने अपने वाहनों से निकट व दूर के परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेते रहेंगे।

## हनुमान मंदिर में मूर्ति की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा



पत्नी के साथ हवन पूजन करते थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली देवा क्षेत्र के विशुनपुर पुलिस चौकी परिसर में मंगलवार को हनुमान मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी और उनकी पत्नी राधा त्रिपाठी ने सपत्नीक यजमान के रूप में पूजा-अर्चना संपन्न कराई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन और धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए, जिससे परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया। क्षेत्रीय पुलिस कर्मियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सुख-शांति और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन भी किया गया।

# जांच के दायरे में बैंक खाता व सीडीआर पर कड़ी नजर

**शोएब हत्याकांड**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अधिवक्ता शोएब किदवई हत्याकांड की जांच में जुटी पुलिस टीम के हाथ अभी कोई खास लीड तो नहीं लगी है पर सीडीआर व लेन देन पर शक गहरा गया है। घटना के दिन बाराबंकी आते समय किसी नजदीकी परिचित से बातचीत के साथ ही जांच में यह भी सामने आया है कि मृतक के बैंक खाते में हर माह बड़ी रकम भेजी जा रही थी। एक पहलू यह भी कि मृतक का नाम जिस गैंग से अब तक जुड़ा रहा, उससे दूरी की वजह आखिर क्या रही।

गत शुक्रवार को दिनदहाड़े गोलियों से छलनी कर जेलर हत्याकांड के आरोपी व मुख्तार गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बाबी की हत्या कर दी गई थी। इस घटना को हुए तीन दिन बीत चुके हैं पर टीमें किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी हैं। सीसीटीवी फुटेज, संदिग्धों से पूछतांछ के बाद पुलिस हर पहलू को जांच की नजर से देख रही है। खासकर परिवार से बातचीत टीम का खास मकसद है। पुलिस का मानना है कि परिजन इस घटना को लेकर जो जानकारी देंगे, उसमें से भी कुछ तथ्य जांच में शामिल किए जा सकते हैं कुछ न हासिल होने पर भी टीम को बात हो जाने की संतुष्टि मिल जाएगी। इस बीच सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार पता लगा है कि मृतक के लखनऊ से बाराबंकी लौटते समय किसी खास परिचित से बातचीत हुई थी।

**आयोजन** | खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

# प्रियंका इंग्ले हाउस चैंपियन, अंजू बॉबी हाउस उपविजेता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जनपद स्तरीय पीएम स्कूलों की खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता मंगलवार को शहर स्थित पुलिस लाइन मैदान में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न ब्लॉकों के 18 टीमों ने भाग लिया।

ओवरऑल चैंपियन का खिताब प्रियंका इंग्ले हाउस को मिला, जबकि अंजू बॉबी जॉर्ज हाउस उपविजेता रहा। व्यक्तिगत प्रदर्शन में विकासखंड निंदूरा के कंपोजिट विद्यालय बहरौली की छात्रा अंशिका ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर तीन स्वर्ण पदक जीते। वहीं, विकासखंड रामनगर के भिटौरा विद्यालय के छात्र मृदुल सिंह ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम खेलों में खो-खो और कबड्डी में छात्र-छात्राओं के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में चार हाउसों प्रियंका इंग्ले, दूती चंद, अंजू बॉबी जॉर्ज और रितु नेगी के बीच कड़ा प्रतिस्पर्धा रही। बीएसए नवीन कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को पुरस्कार और ट्रैकसूट वितरित कर सम्मानित किया और खेल भावना तथा अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। जिला अधिकारी ने कहा कि पीएम स्कूलों का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी शैक्षिक गुणवत्ता के समान महत्व दिया जाता है।



ट्राफी के साथ विजेता टीम। ● अमृत विचार

## श्री नारायणी मंदिर में भंडारा और प्रसाद वितरण



भंडारे में प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री नारायणी मंदिर में अमावस्या तिथि पर दादी को पूड़ी-सब्जी का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने भव्य आरती भी की। भंडारे का शुभारंभ तहसील बार अध्यक्ष राम अचल मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, सियाराम यादव और बिजेंद्र प्रताप सिंह बिज्जू ने किया। मौके पर क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार और एडीओ पंचायत अभय शुक्ला ने रामनगर क्षेत्र के आधा दर्जन विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता, अध्यापकों और बच्चों की उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता, सफाई और केंद्रों की मरम्मत का अवलोकन किया। स्कूलों में बच्चों को स्पेलिंग, गिनती और पहाड़ा भी सुनाया, साथ ही कुछ समय तक पढ़ाई भी करवाई। आंगनबाड़ी केंद्रों पर उन्होंने बच्चों की संख्या, पोषाहार वितरण और रजिस्टर की जांच की।

# मेडिकल कॉलेज में बेड पर पड़े-पड़े अकड़ गई लावारिस किशोरी की बॉडी

## हद की लापरवाही ! ग्रीन जोन में भर्ती किशोरी की घंटों किसी ने नहीं ली सुधि

संवाददाता, हरदोई

- 15 फरवरी की शाम हरपालपुर बस अड्डे पर घायल पड़ी देख किशोरी को एक व्यक्ति ने कराया था भर्ती

**अमृत विचार।** नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी से मेडिकल कालेज की बेहतरी के कसीदे पढ़े जाने लगे थे, लेकिन उसके अगले ही दिन कुछ ऐसा हुआ कि सारे किए-कराए पर पानी फिर गया। वहां के ग्रीन जोन में भर्ती एक 15 साल की लावारिस किशोरी की मौत हो गई, इतना ही नहीं उसकी डेडबाडी बेड पर घंटो पड़े-पड़े अकड़ तक गई, लेकिन बगल में नर्सेस ड्यूटी रूम होते हुए किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। मामला सामने आया तो ज़िम्मेदार बहाने खोजने लगे।

दरअसल शहर के आशानगर निवासी रामगोपाल 15 फरवरी को हरपालपुर थाने के चांऊपुर एक तिलक समारोह में शामिल होने गए हुए थे, वहां से लौट रहे रामगोपाल ने हरपालपुर बस अड्डे पर भीड़ के बीच एक 15 साल की किशोरी को ज़ख्मी हालत में पड़ा देखा था, उन्होने अपनी गाड़ी रोकी और उस किशोरी को इलाज के वास्ते अपने साथ मेडिकल कालेज उठा लाए, जहां शाम 5:50 बजे उसे भर्ती करते हुए इमरजेंसी यूनिट भेज दिया गया, लेकिन वहां बेड नहीं था तो उसे रेड-जोन भेजा गया, लेकिन रेड-जोन में रेड सिग्नल मिलने पर उसे ग्रीन-जोन के बेड नंबर-जी-9 पर भर्ती कर दिया गया। कुछ घंटे तक तो उसकी निगरानी हुई, लेकिन फिर बाद मे. उस लावारिस को 'लावारिस' समझ फिर पलट कर नहीं देखा गया, मंगलवार की भोर पहर किशोरी पूरी तरह से अकड़ी हुई दिखाई दी, वहां कुछ तीमारदार थे, जिन्होंने देखा कि उसकी सांसे थमी हुईं है। उन्ही तीमारदारो.में से कुछ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि भर्ती के बाद शायद ही उसकी तरफ दोबारा पलट कर कोई आया हो, यानी लावारिस की मौत भी लावारिस हो गई। लापरवाही सामने आई तो ज़िम्मेदार नींद से जागे और बचने-बचाने के लिए दौड़ने लगे, आनन-फानन में उसकी डेडबाडी को वहां से उठा कर मर्चरी पहुंचाया गया, जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### प्रिंसिपल बोले- जांच होगी दोषियों को छोड़ेंगे नहीं

**हरदोई।** लावारिस किशोरी की मौत और उसकी डेडबाडी के घंटो बेड पर पड़े होने के मामले में मेडिकल कालेज के प्रिंसीपल डा.गोगोई काफी नाराज़ है, उन्होने कहा कि इस तरह की लापरवाही करने वाले छोड़े नहीं जाएगे, मामले की जांच होगी और जो लापरवाह होगा, उसे कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाएगी।

### सीएमएस ने दी सफाई

मेडिकल कालेज के सीएमएस डा.चन्द्र कुमार ने बताया कि मरीज़ को रात 2 बजे देखा गया था, उसके बाद मौत हुई, डेथ होने के करीब 5-6 घंटे बाद से डेडबाडी खुद-ब-खुद अकड़ने लगती है और ऐसा ही हुआ, लेकिन सीएमएस के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था कि इतनी रात में बगैर कोई इमरजेंसी काल के किशोरी को देखे जाने की ज़रूरत क्यों पड़ी ?

## न्यूज ब्रीफ

### अभिभावक ने कॉलेज में किया गाली-गलौज

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नेकपुर तिरहा स्थित अशाराम इंटर कॉलेज मे शराब के नशे मे चूर अभिभावक ने किया गाली-गलौज उप प्रबंधक ने थाने पर शिकायत की। जानकारी अनुसार क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर निवासी राजेंद्र पुत्र बावू राजपूत का लड़का कॉलेज में पड़ता है। मंगलवार सुबह स्कूल की बस बच्चों के लेकर विद्यालय आ रही थी। इसी बीच बच्चों मे सीट को लेकर कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर क्रोध में शराब के नशे पिता राजेन्द्र कालेज पहुंच गया और बस ड्राइवर मनोज व कंडक्टर गोबिंद को जोर-जोर से गाली-गलौज करने लगा आवाज सुनते हैं। क्लास से अध्यापक व अध्यापिकाएं आ गई और गाली-गलौज करने को मना किया तो विपक्षी ने उनको भी अभद्र भाषा का प्रयोग ड्राइवर कंडक्टर को धमकी देकर चला गया, जिसकी जानकारी उप प्रबंधक अरुन कुमार लगी तो उन्होंने थाने पर तहरीर देकर शिकायत की है।



शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित मंदिर में हुई मूर्ति स्थापना

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शिव मंदिर के नवीन मंदिर निर्माण के उपरांत विशाल शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर में महाकाल शिवलिंग एवं आधा दर्जन देवी-देवताओं की मूर्ति की स्थापना की गई। शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। शोभायात्रा विभिन्न मंदिरों में भी ले जाई गई। जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जेपी त्रिवेदी, महामंत्री पंकज सिंह, अधिवक्ता शिव सेवक गुप्ता सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### युवती ने किया जान देने का प्रयास

**बांगरमऊ, उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के भिक्खनपुर गांव निवासी दीन दयाल की बेटी ममता (20) ने मंगलवार सुबह किसी कारण से आहत होकर कीटनाशक निगल लिया। उसे उल्टियां करते देख परिजनों को जानकारी हुई। इस पर वे आनन-फानन उसे सीएचसी लाए।


**गुमशुदा की तलाश**

नाम – **मोहिनी देवी**



पत्नी– रामदत्त
स्थान– ग्राम बगुलहिया थाना कोतवाली बिलग्राम जनपद हरदोई, रंग–पक्का रंग, लम्बाई लगभग –5.0 फीट, कद– पतला शरीर, उम्र– 32 वर्ष, पहचान– लाल कलर की साड़ी, काले कलर की चप्पल

सर्व सम्बंधित को सूचित किया जाता है कि मोहिनी देवी पत्नी रामदत्त निवासी ग्राम बगुलहिया थाना कोतवाली बिलग्राम जिला हरदोई दिनांक 09.08.2025 समय सुबह 05.00 बजे से अपने ग्राम बगुलहिया थाना कोतवाली बिलग्राम जनपद हरदोई से बिना बताये कहीं चली गयी है। जिसका मु0अ0सं0 388/25 धारा 87 भा0न0सं0 थाना बिलग्राम में पंजीकृत है। यदि किसी को इस सम्बंध में जानकारी प्राप्त होती है तो निम्न नम्बरो पर सूचना दे।

वादी – रामदत्त पुत्र त्रिजुगी तिवारी, नि0ग्रा0 बगुलहिया थाना बिलग्राम जनपद हरदोई, मो0– 9457051334

क्षेत्राधिकारी बिलग्राम जनपद हरदोई मो0: 9454401481 | प्रभारी निरीक्षक को0 बिलग्राम मो0: 9454403554

विवेचक– एस.आई. दीप नारायण पांडेय उपनिरीक्षक, मो0: 9648645665



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली निविदा**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या ELS-SYH REV-32-25-26-8R2 Date - 09.03.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वमंविइं (टीआरएस)/वि.लोको शेड/सैदपुर भीतरी, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई-निविदायें आमंत्रित करते है। कार्य का नाम : इलेक्ट्रिक लोको शेड, सैदपुर भीतरी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल में उपलब्ध विभिन्न क्षमताओं के 05 EOT क्रेनों के 24 महीने के वार्षिक रखरखाव, संचालन और प्रमाणन के लिए कार्य अनुबंध। टेंडर रिफरेंश नं. ELS-SYH REV-32-25-26-8R2, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 7424069.22, धरोहर राशि रूपया में : 148500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 09.03.2026 up to 11:00 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि : 24 माह।

- खुली ई.निविदा दिनांक 09.03.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वमंविइं (टीआरएस) वि. लोको शेड/सैदपुर भीतरी**
**मुजाधि/विद्युत – 281**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# गोदभराई से पहले युवक की दुर्घटना में मौत

संवाददाता, हरदोई



मृतक नवीन की फाइल फोटो।

- बाइक से बुआ को लेने निकला, रास्ते में तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

**अमृत विचार।** गोदभराई के लिए बाइक से बुआ को लेने जा रहा युवक रास्ते में तेज़ रफ्तार का शिकार हो गया था। उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया, मंगलवार को घर वाले उसे लखनऊ से ला रहे थे, उसी बीच रास्तें में मौत हो गई।

सवायजपुर कोतवाली के फदुल्लापुर निवासी रक्षपाल के 21 वर्षीय इकलौते बेटे नवीन कुमार की 5 फरवरी को गोदभराई थी, उससे एक दिन पहले वह अपनी बुआ जगदेवी को लेने के लिए बाइक से साण्डी थाने के संतोषापुरवा जा रहा था, उसी बीच रास्तें में दुलारपुर के पास तेज़ रफ्तार की चपेट में आ गया, उसे पहले सीएचसी बावन पहुंचाया गया, वहां से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया, वहां इतने दिनों बाद तक हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, घर वाले उसे मंगलवार को गांव ला रहे थे, उसी बीच मौत हो गई। नवीन से छोटी उसकी इकलौती बहन है, उसकी शादी मिर्ज़ापुर जिले से तय हुई थी।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकारी अस्पताल से दवाई ले कर आया बुज़ुर्ग सड़क किनारे सवारी ढूंढ रहा था, ईसी बीच उधर से निकले ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। शोर होने पर ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्राली छोड़ कर भाग निकला, जिसे पुलिस ने अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। कछौना कोतवाली के खजोहना निवासी 65 वर्षीय लईक उर्फ मुन्ने की तबियत खराब थी, मंगलवार को वह गौरी खालसा के सरकारी अस्पताल से दवाई ले कर सण्डीला-मल्लावां रोड पर पहुंच कर सवारी ढूंढ रहा था, उसी बीच तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी, जिससे बुज़ुर्ग की वहीं पर मौत हो गई। हादसे के बीच लोगों के शोर सुन कर ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्राली छोड़ कर भाग गया, कासिमपुर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है।



लईक की फाइल फोटो।

# रैसों गांव में एक सौ बीघा से अधिक भूमि की फर्जी वरासत

संवाददाता, कछौना, हरदोई

- मुख्यमंत्री व उच्चाधिकारियों से की गई शिकायत

**अमृत विचार।** रैसों गांव में एक सौ बीघे से अधिक कृषि भूमि की गलत वसीहत करा कर सरकार को लाखो रूपये के राजस्व का चूना लगाने का बड़ा मामला प्रकास में आया है गांव के पूर्व प्रधान विजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित तहसीलदार, एसडीएम, डीएम और अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर जांच कराने की मांग की है

श्री गुप्ता ने दावा किया है कि गांव में 100 बीघा से अधिक सरकारी जमीन को फर्जी तरीके से सरकारी जमीन को विरासत के नाम पर निजी नाम कर लिया गया।मुख्य आरोप गांव के सरदार गज्जन सिंह के एक ही परिवार रिश्तों में भाई-बहन, चचेरे भाई भांजा आदि को दर्शा कर खसरा नंबरों पर फर्जी म्यूटेशन (नामांतरण) सन 1982 में कराया गया जबकि भूमि सरकारी है । वर्तमान में यूपीएसआईडीसी (उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम) द्वारा इस इलाके में जमीन अधिग्रहण हो रहा है। फर्जी मालिक अब सरकारी जमीन को ही बेचने की तैयारी में हैं, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान होगा।तहसील स्तर के तत्कालीन लेखपाल और राजस्व कर्मियों की मिलीभगत सरकार को राजस्व का चूना लगाया गया है पुराने रिकॉर्ड में ये जमीनें सरकारी या सामुदायिक थीं। पूर्व प्रधान ने जांच करा भूमि को सरकारी अभिलेखों में दर्ज कराने व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुवा है।


**कार्यालय नगर पंचायत देवां, बाराबंकी**

पत्राक: 2113 / न0प0देवां / ई-निविदा सूचना / 2025-26 दिनांक – 12/02/2026

**द्वितीय ई-निविदा सूचना**

एतद्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मो को सूचित किया जाता है कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु निविदा, ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से दिनांक 13.02.2028 से 27.02.2020 तक डाउनलोड / अपलोड की जायेगी। प्राप्त निविदाये दिनांक 28.02.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे खोली जायेगी। यदि किन्ही कारणो से निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसकी अगली तिथि अर्थात अगले कार्य दिवस को मानी जायेगी। ई-निविदा प्रपत्र www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जिसको डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवां, बाराबंकी — अध्यक्ष नगर पंचायत देवां बाराबंकी


# परिषदीय मंडलीय खेलों में बच्चों ने झटके पदक

संवाददाता, हरदोई



परिषदीय मंडलीय खेलों में मेडल प्राप्त करने वाले बच्चे व शिक्षक।

**अमृत विचार।** मंडलीय परिषदीय क्रीड़ा रैली में जिले के छात्र-छात्राओं ने कई सोने-चांदी के मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया। अगली मंडलीय प्रतियोगिता हरदोई जिले में आयोजित करने का समिति द्वारा लिया गया।

बताते चले कि लखनऊ के चौक स्टेडियम में मंडलीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर सहित जिले के प्राथमिक, उच्च व संविलियन विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। इन प्रतियोगिताओं में कबड्डी जूनियर बालक व प्राथमिक बालिका वर्ग ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया, वहीं कबड्डी प्राथमिक व बालकों ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार जूडो में तीन गोल्ड, लांग जंप में एक गोल्ड व एक सिल्वर, डिस्कस थ्रो में एक गोल्ड, टेबिल टेनिस बालिका में गोल्ड, 200 मीटर दौड़ में गोल्ड, समूह गान में सिल्वर, वालीबाल बालिका में सिल्वर, बैटमिंटन बालिका में गोल्ड, कुश्ती में दो गोल्ड, चार सिल्वर व तीन कांस्य पदक प्राप्त किए। इसी प्रकार प्राथमिक बालिकाओं ने खो-खो में गोल्ड प्राप्त किया, गोला फेंक में सिल्वर तथा प्राथमिक के बालकों ने गोला फेंक में गोल्ड प्राप्त किया। 100 मीटर व 400 मीटर प्राथमिक में बालकों ने सिल्वर प्राप्त किए। अंत्याक्षरी में सिल्वर के साथ ही व्यायाम में गोल्ड पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बीएल राना, सीमा गौतम, जिला समन्वयक आशा वर्मा, व्यायाम शिक्षक केवी अवस्थी, व्यायाम शिक्षिका शिमला सिंह व मंजू वर्मा मौजूद रहीं।

# हादसा: पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अतरौली, हरदोई।** अतरौली थाना क्षेत्र में ग्राम गोड़वा से जनिगांव रोड पर गांव से पहले मंगलवार की रात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी और उसी बाइक पर सवार चचेरा भाई व बहनोई घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया है। अतरौली थाने के भगवान खेड़ा मजरा जनिगांव निवासी राजू 32 वर्ष मंगलवार को अपनी चचेरी बहन गीता 37 वर्ष की मौत होने पर वह उसे देखने उसके गांव थाना क्षेत्र के बरगदी गया हुआ था, वहीं से रात में बाइक से वापस घर आ रहा था। बाइक पर उसके साथ उसका चचेरा 45 वर्षीय चचेरा भाई रामखेलावन और 35 वर्षीय चचेरा बहनोई अम्बेडकर निवासी रामपुर थाना संदना सीतापुर भी आ रहे थे। रास्ते में गोड़वा जनिगांव के बीच तीव्र मोड़ पर सामने से आ रहे पिकअप ने राजू की बाइक में टक्कर मारकर भाग निकला। जानकारी पर परिजन और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने तीनों को सीएचसी भरावन पहुंचाया । जहां पर डाक्टरों ने राजू को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने सीएचसी मेमों पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू किया है। राजू दिल्ली में पानी सप्लाई का काम करता था, वह मंगलवार को ही दिल्ली से बहन को देखने आया था।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में हुई मारपीट, 6 पर रिपोर्ट

**सफीपुर, उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सआदतनगर सआदतनगर गांव निवासी पूनम पत्नी कल्लू ने दी गई तहरीर में बताया कि 16 फरवरी की देरशाम उनका बेटा ज्ञानेंद्र खेत से घर लौट रहा था। तभी पुरानी खुन्नस के चलते जगदीश पुत्र भगान, सेवक, भूपति पुत्र कन्हई, उदयवीर, अमित पुत्र जगदीश ने उसे घेरकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर डंडों से पीटा और अमित ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे ज्ञानेन्द्र गंभीर घायल हो गया। शोर सुन ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष से रामसेवक पुत्र भगान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी बेटी संगीता के साथ खेत से घर लौट रहे थे। तभी ज्ञानेंद्र ने बेटी से अभद्रता की। विरोध करने पर ज्ञानेंद्र ने लोहे की रॉड व धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# वैकल्पिक मार्ग पर फर्राटा भर रहे भारी वाहन



फंसी डीसीएम को हटवाते ग्रामीण। अमृत विचार

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** कालीमिट्टी-शिवराजपुर के वैकल्पिक मार्ग पर नियम विरुद्ध भारी वाहनों के आवागमन से जहां मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है वहीं मंगलवार दोपहर एक भारी वाहन फंसने से करीब एक घंटा आवागमन बाधित रहा। ट्रैक्टर से ग्रामीणों ने भारी वाहन को बाहर निकाला।

मालूम हो कि अगस्त-2025 में गंगा की बाढ़ से कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग गंगापुल के पास कट गया था। इससे क्षेत्र की जनता का कानपुर व शिवराजपुर से सीधा संपर्क टूट गया था। ग्रामीणों की मांग पर पीडब्ल्यूडी ने हल्के वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया था। बीती 4 फरवरी को विधायक श्रीकांत कटियार ने मार्ग पर हल्के वाहनों का आवागमन शुरू कराया था। इस वैकल्पिक मार्ग पर हल्के वाहनों के अलावा भारी वाहनों का भी आवागमन होने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है।

मंगलवार को यहां पर एक भारी वाहन फंस गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर से वाहन को बाहर निकाला। जिससे करीब एक घंटे आवागमन बंद रहा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, प्रमोद पांडे, रामगोपाल पांडे, बब्बू द्विवेदी, संजय, लक्ष्मीनारायण, विजय शंकर आदि ने विभागीय उच्चाधिकारियों से मांग की कि वैकल्पिक मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाए। जिससे हल्के वाहन चालकों को परेशानी न हो।

# ई-रिक्शा पलटा छह लोग घायल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में हरदोई मार्ग स्थित गांव नसिरापुर के पास मंगलवार सुबह गंजमुरादाबाद जा रहा तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार सुधा (40) पत्नी राजकुमार व सोनकली (40) पत्नी राम विलास निवासी मोहल्ला आंबेडकर नगर, राहुल (25) पुत्र रामकिशोर निवासी मोहल्ला नौनिहालगंज, शम्मो (40) पत्नी अनीस व गुड़िया (50) पत्नी राजू निवासी मोहल्ला कस्बा टोला व पिंकी (35) पत्नी अशोक निवासी मोहल्ला पटेल नगर बांगरमऊ गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन सभी को सीएचसी पहुंचाया।


**कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, रायबरेली।**

पत्रांक: 1649/अधि0अधि0/न0पं0 शिक्षा/निर्माण/2025–26 दिनांक–17/2/2026

**पुन:निविदा सूचना**

समस्त राजकीय विभागों में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शिवगढ को राज्य वित्त आयोग से उपलब्ध धनराशि से निम्न विवरण की अनुसार निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु शीलवन्द निविदा दिनांक 18/02/2026 से 05/03/2026 को अपराह्व 2: 00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़ में आमन्त्रित की जाती है. जो दिनांक 06/3/2026 को पूर्वान्हे 4:00 बजे उपस्थित / अनुपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जायेगी। जिनसे सम्बन्धित निविदा प्रपत्र दिनांक 28/2/ 2026 तक निर्धारित शुल्क जमाकर कार्यालय नगर पंचायत से प्राप्त किये जा सकते है. एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्यो का विवरण नियम शर्ते निम्नवत् है–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि जी0एस0टी0 सहित | आगणन की धनराशि जी0एस0टी0 रहित | 5% जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर पंचायत शिवगढ़ के अन्तर्गत कार्यालय परिसर के सामने की ओर मिट्टी भराई का कार्य। | 392000.00 | 332877.00 | 16644.00 | 400.00 | 1 माह |
| 2 | नगर पंचायत शिवगढ़ के अन्तर्गत कार्यालय परिसर के पीछे की तरफ मिट्टी भराई का कार्य । | 453000.00 | 384562.00 | 19228.00 | 500.00 | 1 माह |
| 3 | नगर पंचायत शिवगढ़ के अन्तर्गत वार्ड नं0 11 में केन्द्रीय विद्यालय परिसर में कवर्ड नाला का निर्माण कार्य। | 468000.00 | 396702.00 | 19835.00 | 500.00 | 1 माह |
| 4 | नगर पंचायत शिवगढ़ के अन्तर्गत वार्ड नं0 02 मोहल्ला अजीत खेड़ा में मूर्ति माता मन्दिर में रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य । | 497000.00 | 421867.00 | 21093.00 | 500.00 | 1 माह |

**नियम व शर्ते**

1. निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र (T4 T5) निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ T6 प्रारूप पर शपथ पत्र, 100 रू0 के स्टाम्प पर निविदा वैद्यता शपथ पत्र, 10 रू0 के स्टाम्प पर निविदा की शर्तो को अनुपालन करने का शपथ पत्र तथा सभी अभिलेखों के स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र में दर प्रतिशत आधार पर भरे जायेगें। BOQ में उल्लिखित आइटमों हेतु रेट अलग–अलग नहीं भरे जायेगें। किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. आगणन दर से कम की दर प्रस्तुत करने वाले निविदाओं को शासनादेश संख्या 622/23–12–20125–2 आडिट/ 08 टी.सी.– 2 दिनांक 08 जून 2012 में की गयी व्यवस्था के अनुसार परफारमेन्स गारन्टी की धनराशि निविदा खोले जाने की तिथि से तीन दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, जनपद–रायबरेली में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि उक्त समय सीमा के अन्दर परफारमेन्स गारन्टी की धनराशि जमा नहीं की जाती है तब जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा फर्म/व्यक्ति को काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी।
5. निविदा के साथ 5 प्रतिशत जमानत धनराशि EPVG, FDR, NSC मूल रूप से संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध सम्पादित व अवशेष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
7. ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार बिलम्ब पर नियमानुसार अर्थ दण्ड देय होगा एवं जमानत धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।
8. कार्यो की विस्तृत जानकारी व अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत शिवगढ़ कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
9. कार्य हेतु ठेकेदार अथवा उसके सहयोगी द्वारा निविदा इत्यादि कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) में करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट सम्बन्धित थाने में दर्ज करायी जायेगी।
10. ठेकेदारों को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य की प्रगति के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त कार्य स्थल का फोटो ग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. निविदा के साथ 100,00 रू0 का जनरल स्टाम्प एवं रसीदी टिकट संलग्न करना होगा।
12. नगर पंचायत से विवरण प्राप्त कर लोकार्पण पत्थर लगाया जाना अनिवार्य होगा।
13. कार्य पूर्ण के 12 माह के पश्चात ठेकेदार द्वारा निविदा के समस्त शर्तो के अनुसार कार्य पूर्ण कर कार्य सन्तोषजनक होने की स्थिती में अवर अभियन्ता / सहायक अभियन्ता की जांचोपरान्त जमानत धनराशि अवमुक्त की जायेगी।
14. सभी नियम व शर्ते निदेशालय के पत्र संख्या TC/314/8/DLB/2020 दिनांक 01.01.2021 के अनुसार ही मान्य होगी।
15. कार्य पूर्ण होने अथवा भुगतान से पूर्व लिखित रूप से सूचित करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शिवगढ़, रायबरेली** — **अध्यक्ष नगर पंचायत शिवगढ़, रायबरेली**

## न्यूज ब्रीफ

### ठोकर लगने से नाले में गिरे युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से निकल कर गलियारे से निकल रहे युवक ठोकर लगने से औंधे मुंह नाली में गिर गया, जानकारी होने पर लोगों ने उसे बाहर निकाला लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। बघौली थाने के गोपार निवासी 35 वर्षीय भूरा पुत्र मूलचंद्र मज़दूरी करता था। मां-बाप पहले ही गुज़र चुके थे, छोटे भाई सागर की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। चाचा रामलखन ने बताया कि भूरा ने दो बार ब्याह किया लेकिन दोनों पत्नियां उसे छोड़कर चली गईं। उसी बीच वह नशा भी करने लगा था। मंगलवार की सुबह भूरा गलियारे से निकल रहा था, उसी बीच रास्ते में ठोकर लगते ही वह औंधे मुंह नाली में गिर गया, लोगों ने उसे बाहर निकाला लेकिन उससे पहले ही मौत हो गई।

### मासिक बैठक कल

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भावनाथ पाण्डे ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासी निकाय की मासिक बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 19 फरवरी को सायं चार बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गई है।

### ईद और होली को लेकर दिए निर्देश

**बिलग्राम, हरदोई।** आगामी ईद व होली त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को बिलग्राम कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी एन. राम तथा क्षेत्राधिकारी बिलग्राम रवि प्रकाश सिंह ने की। बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर जोर दिया गया। एसडीएम एन. राम ने कहा कि होली के दौरान डीजे पर आपत्तिजनक या भड़काऊ गीत न बजाए जाएं, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों।

# दामाद ने हॉकी से पीटकर ससुर को मार डाला

## पुराने विवाद में प्रसाद चढ़ा कर मंदिर से आते समय अधेड़ पर किया ताबड़तोड़ हमला

**संवाददाता, भरखनी, हरदोई**

**अमृत विचार।** ससुर और दामाद का रिश्ता जहां सम्मान और विश्वास का प्रतीक माना जाता है, वहीं पचदेवरा थाना क्षेत्र में इसी रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक दामाद ने पुराने विवाद के चलते अपने ही ससुर की हाकी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। ससुर रामतल मंदिर पर प्रसाद चढ़कर वापस लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के अल्लाहगंज के मोहल्ला विकास नगर गंज निवासी अशोक बाबू उर्फ पिन्ने (52) मंगलवार सुबह अपनी बहन अलका के साथ बाइक से हनुमत धाम रामताल मंदिर पर प्रसाद चढ़ाकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे ग्राम हथौड़ा के पास नहर के निकट पहुंचे, तभी उनके दामाद मनमोहन उर्फ मन्नू निवासी ग्राम हथौड़ा ने उन्हें रोक लिया। बताया जाता है कि ससुर-दामाद के बीच पहले से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, इसी रंजिश में दामाद ने हाकी से अपने ससुर के सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, इसमें कई हाकी उनके सिर पर लगी। गंभीर रूप से घायल अशोक बाबू को लहुलुहान हालत में तत्काल इलाज के लिए फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पचदेवरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एसएसपी आलोक राज नारायण ने घटनास्थल पर जाकर मौके का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और आरोपी दामाद की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।



घटनास्थल की जांच करते एएसपी व अशोक की फाइल फोटो (इनसेट में)।

### घटना की वजह बनीं कस्बा की दुकानें

आरोपी मनमोहन उर्फ़ मन्नू की शादी डेढ़ साल पहले मृतक अशोक कुमार उर्फ पुन्ने की लड़की लक्ष्मी से हुई थी। जब से शादी हुई है तब से लगातार प्रॉपर्टी की डिमांड को लेकर विवाद चल रहा था। हत्यारोपी दामाद अपने ससुर अशोक कुमार की कस्बा अल्लाहगंज में बनी दुकानों की मांग कर रहा था। आरोपी का पूरा परिवार काफी सालों से दिल्ली में रह रहा है। आरोपी की पत्नी लक्ष्मी आपसी झगड़े की वजह से दो महीने से मायके में रह रही थी। पुलिस के अनुसार फिलहाल अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है तलाश जारी है।

# मौत के 42 घंटे बाद महिला के शव का हुआ पोस्टमार्टम

**संवाददाता, हरदोई**

- **नेपाल स्थित पत्नी के मायके से परिजनों का इंतजार करता रहा पति, कोई नहीं आया**

**अमृत विचार।** नेपाल से ब्याह कर आई युवती की मौत हो गई। गुजरात में नौकरी कर रहे पति ने पत्नी के मायके वालों के आने का शव घर में ही रोककर इंतजार करता रहा। लेकिन जब कोई नहीं आया तो मौत के करीब 42 घंटे बाद मंगलवार को पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

सुरसा थाने के खजुरहरा निवासी धीरज की शादी साल 2024 में नेपाल की शिवानी (25) से हुई थी। धीरज गुजरात में प्राइवेट नौकरी करता है, उसकी पत्नी शिवानी अपनी सास सरोज और ससुर नंदराम के साथ गांव में रहती थी। धीरज ने बताया कि शिवानी को सांस की बीमारी थी, उसकी दवाई चल रही थी, इधर कुछ दिनों से धीरज गांव में ही था। रविवार की शाम शिवानी की तबियत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। शिवानी की मौत की खबर उसने अपने ससुराल वालों की दी और उनके तक शव को घर में ही रोके रखा, अगले दिन सोमवार को भी कोई नहीं आया, मंगलवार सुबह पुलिस को तहरीर देते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया। कहा कि अगर कोई तहरीर आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला से सोने के झाले लूटकर बदमाश फरार

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** पाली-शाहाबाद मार्ग पर महिला सभासद की बहू से दिनदहाड़े झपटमारी की घटना हुई, जिसने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। बाइक सवार दो अज्ञात झपटमारों ने महिला सभासद रामदेवी की बहू के कान से सोने के झाले नोच लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम की सभासद रामदेवी का पुत्र रंजन अपनी पत्नी रोशनी को लेकर मंगलवार दोपहर हरदोई स्थित उसके मायके भतीजे के मुंडन समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में पाली-शाहाबाद मार्ग पर आगमपुर और मुरीदापुर के बीच पीछे से बाइक पर आए दो झपटमारों ने रोशनी के कान से सोने के झाले नोच लिए और तेज रफ्तार में फरार हो गए। घटना इतनी अचानक हुई कि पीड़ित दंपति संभल भी नहीं सके। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हालांकि दिनदहाड़े मुख्य मार्ग पर हुई इस वारदात ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# लखनऊ जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने स्टेशन से पकड़ा

**हरदोई, अमृत विचार।** कांग्रेस के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने ट्रेन पर चढ़ने से पहले ही दौड़ा कर दबोच लिया, वहीं कई कांग्रेसियों को उनके घर ही हाउस अरेस्ट कर दिया गया।

बताते चले कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम पांडेय, राष्ट्रीय छात्र कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हसन अहमद अपने साथियों के साथ ट्रेन से लखनऊ जाने के लिए स्टेशन पर पहुंचे, तभी पुलिस ने उन्हें दौड़ा कर दबोच लिया, वहीं देर शाम प्रदेश कांग्रेस महासचिव सुभाष पाल पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया।

# हत्यारोपी की पुलिस से मुठभेड़, पैर में लगी गोली

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** पुलिस ने गेस्ट हाउस व्यवसायी की हत्या का खुलासा करते हुए मुठभेड़ में एक हत्यारोपी को दबोच लिया, जिसके कब्ज़े से बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद किए है। मामले में चार को नामज़द करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस की जांच में पांचवां नाम सामने आया और मुठभेड़ में उसी हत्यारोपी के दाहिने पैर में गोली लगने से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। दावा है कि नामज़द हत्यारोपी भी जल्द गिरफ्त में होंगे।

लोनार थाने के पुरौरी निवासी अनिल कुमार सिंह उर्फ नीशू भदौरिया का उसी थाने के नकटौरा पुलिया के पास गेस्ट हाउस, टेंट हाउस और पेंट हाउस है, पत्नी व बेटे के साथ वहीं रह रहा था। गुरुवार की सुबह नीशू भदौरिया घर से बाइक लेकर निकला, उसके बाद कुछ पता नहीं चला, बाद में पता चला कि नीशू भदौरिया का शव लोनार थाने के पीछे एक महाविद्यालय के बगल से निकले सुखेता नाले के बाहर पड़ा हुआ था। पुलिस ने बेटे अजय कुमार सिंह की तहरीर पर पुरौरी निवासी रिंकू सिंह, धीरू सिंह, धीरज सिंह व रियासत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी। सोमवार की रात में एसएचओ लोनार राकेश कुमार यादव गश्त पर थे। उसी बीच पता चला कि हत्याकांड में शामिल हत्यारोपी बावन कस्बे से आ रहा है, पुलिस टीम की घेराबंदी पर वह जगदीशपुर नहर पुलिया की तरफ भागा और पुलिस के ऊपर गोली चला दी, बचाव में पुलिस की तरफ से चलाई गई गोली हत्यारोपी के दाहिने पैर में लगी और वह गिर पड़ा, पीछे से पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया, पुलिस की पकड़ में आया सत्यम पुत्र धर्मवीर नाम का हत्यारोपी पुरौरी का रहने वाला है।



पुलिस मुठभेड़ में घायल हत्यारोपी।

- **गेस्ट हाउस व्यवसायी हत्याकांड के खुलासे का दावा, अन्य बदमाशों की तलाश जारी**

### जुआ खेलने को दिए रुपये बने वजह

गेस्ट हाउस व्यवसायी की हत्या में शामिल आरोपी सत्यम ने पूछताछ में बताया कि वह और उसके साथी जुआं खेलने के लिए नीशू से रुपये लेते रहे और हारने पर उसका काफी रुपया हो गया था। सत्यम ने आगे बताया कि नीशू बराबर अपने रुपये मांग रहा था, लेकिन वह और उसके साथी अदायगी नहीं कर पा रहे थे। उसी के चलते साथियों ने मिलकर हत्या जैसी वारदात अंजाम दिया।

# जायरीनों के लिए लगा टीकाकरण कैम्प

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** मंगलवार को मदरसा अशरफुल मदरिस, सिनेमा रोड में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भवनाथ पाण्डेय के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 75 हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का चिकित्सकीय परीक्षण एवं टीकाकरण किया गया। कैम्प में पोलियो, मेनेनजाईटिस, सीजनल इन्फ्लूएंजा रोगों की वैक्सीन लगाई गई। यह टीकाकरण कैम्प सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आरके सिंह के नेतृत्व वाली चिकित्सा टीम ने जायरीनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा हज सफ़र के दौरान सेहत सम्बन्धी आवश्यक सावधानियाँ बरतने के बारे में यात्रियों को जानकारी दी। कैम्प में डॉ ओसामा सिद्दीकी, डॉ सलमान अहमद खान, अंजू देवी स्टाफ नर्स, शोभित सैनी फार्मासिस्ट, प्रीती कुमारी स्टाफ नर्स, आरसी विमल पर्यवेक्षक, एएनएम ललिता देवी, अनुपम देवी, रूबी देवी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



शिविर में हज जायरीनों को जानकारी देते चिकित्सक। अमृत विचार

# 133 परीक्षा केंद्रों पर आज से शुरू होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से प्रारंभ हो रही हैं। जिले में परीक्षा के लिए 133 केंद्र बनाए गए हैं। पूरे जिले को पांच जोन में बांटा गया है, जिसमें 25 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है। जिले में कुल 99,530 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर पूरे दिन परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां चलती रहीं।

आज से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन काफी समय से तैयारियां कर रहा है। मंगलवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को असुविधा न हो, इसके लिए सीटिंग प्लान, परीक्षा कक्षों व केंद्र के बाहर चस्पा किए गए। कंट्रोल रूम की सभी तैयारियों को अधिकारियों ने परखा। जिले में 133 परीक्षा केंद्रों पर एक केंद्र व्यवस्थापक व एक सह केंद्र व्यवस्थापक, एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। 25 सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा पर निगरानी रखेंगे। पांच जोनल मजिस्ट्रेट पल-पल की जानकारी के साथ ही शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए तैनात रहेंगे। जिला मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूप से सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी से जोड़ा गया है। जिले में हाईस्कूल में 29756 बालक तथा 22277 बालिकाएं परीक्षा देंगी। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में 27558 बालक तथा 19939 बालिकाएं परीक्षा देंगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा। केंद्रों के आसपास फोटो कापी व इंटरनेट की दुकानें बंद रहेंगी।



कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी।



केंद्रों पर डेस्क स्लिप लगाते शिक्षक।

- **हाईस्कूल में 52033 तथा इंटरमीडिएट में 47497 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**
- **सीसीटीवी की निगाह में रहेंगे परीक्षा केंद्र, 133 स्टेटिक मजिस्ट्रेट रखेंगे केंद्रों पर नजर**

### कल से संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं

संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं 19 से 28 फरवरी तक एएसवीवी परीक्षा केंद्र पर संचालित होंगी, जिसमें 301 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### डीएम ने जन सनुवाई में सुनीं 45 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने मंगलवार को आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया।

# 50 लाख से होगा मंदिर का जीर्णोद्धार

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई**

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के गोड़वा में भुइयेश्वर महादेव मन्दिर के सौंदर्यकरण एवं पर्यटन विकास के लिए पर्यटन विभाग द्वारा 50 लाख निधि की स्वीकृति मिली। पर्यटन विभाग द्वारा यह स्वीकृति 2025-26 निधि द्वारा मंजूरी हुई। भुइयेश्वर महादेव मन्दिर का इतिहास 150 वर्ष प्राचीन है। और क्षेत्र का प्रसिद्ध मन्दिर है।

जनपद के एमएलसी अशोक अग्रवाल ने बताया क्षेत्र के पौराणिक मंदिरो को पर्यटन का दर्जा मिलना क्षेत्र के विकास की एक नई उपलब्धि है। जनपद को विकास और पर्यटन की दृष्टिकोण से विकसित रूप देने के लिए अग्रसर रहेंगे। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। बताया गोड़वा में बने नये पी एच सी अस्पताल को जाने वाले 500 मीटर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए सदन में पत्र द्वारा मांग की गए है। जल्द ही स्वीकृति मिल जायेगी। भुइयेश्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रताप वर्मा बब्लू ने बताया मन्दिर को पर्यटन का दर्जा मिलना और विकास के कार्य की स्वीकृति होना क्षेत्र वासियो के लिए ख़ुशी का पल है।



भुइयेश्वर महादेव मन्दिर गोड़वा।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद भारत की आत्मा : शंकर लाल

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जिले में प्रत्येक मंडल पर होने वाली दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत भारतीय संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के मूल आधार हैं। कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद भारत की आत्मा है, जो समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर राष्ट्र को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि प्रशिक्षण महा अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक और संगठनात्मक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह अभियान सात मार्च से 14 तक प्रत्येक मंडल स्तर तक चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा एवं कार्य प्रणाली की जानकारी प्राप्त होगी, जिससे संगठन और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम का संचालन अनुराग मिश्रा ने किया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्रा नीरज, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकिशोर गुप्ता गुड्डू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा, अविनाश मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कार्यशाला में बोलते शंकर लाल लोधी। अमृत विचार

**लिया जायजा** मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा के साथ गांव-गांव जाकर लोगों से की वार्ता,

# नीति आयोग की नोडल अधिकारी ने योजनाओं की देखी जमीनी हकीकत

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा नामित नोडल अधिकारी काजल सिंह, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा सीडीओ सान्या छावड़ा ने संडीला विकासखंड में निरीक्षण के द्वितीय दिवस विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सेवा उपलब्धता तथा ग्रामीण स्तर पर उनकी वास्तविक स्थिति का आकलन करना था।

सर्वप्रथम कान्हा गौशाला का भ्रमण किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा गौवंश को गुड़ एवं केला खिलाकर पूजन किया गया तथा गौशाला की व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण में कुल 417 गौवंश स्वस्थ एवं सुरक्षित पाए गए। लुमामऊ ग्राम पंचायत स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया गया। केंद्र पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, औषधि भंडारण तथा उपचार सेवाओं की समीक्षा की गई। टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, नशा मुक्ति कार्यक्रम, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा समुदाय आधारित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई। केंद्र पर 84 प्रकार की आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध पाई गईं। मवई मुसलमाना ग्राम पंचायत में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिसमें अपनी वाटिका (पार्क), अमृत सरोवर, पंचायत भवन, ओपन जिम तथा रिसोर्स रिकवरी सेंटर शामिल रहे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने हेतु प्रत्येक 100 घरों पर एक सफाई कर्मी आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त करने का सुझाव दिया गया। अमृत सरोवर एवं हरित क्षेत्र विकास कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की गई तथा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन पर विशेष बल दिया गया।



स्थलीय निरीक्षण करती नीति आयोग की नोडल अधिकारी काजल सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा। अमृत विचार

### ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

पंचायत भवन में पंचायत सहायक से जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजनाओं तथा अन्य जनसेवाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ग्राम स्तर पर शौचालय निर्माण की मांग पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) लागू करने के निर्देश भी दिए गए।

### शिक्षण व्यवस्था की सराहना

मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मवई मुसलमाना का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में कुल 108 नामांकित विद्यार्थियों के सापेक्ष 94 छात्र उपस्थित पाए गए, जो संतोषजनक उपस्थिति दर्शाता है। कक्षा 1 एवं 2 में आधारित स्मार्ट क्लास संचालित मिली, जहां बच्चों को तकनीक आधारित शिक्षण दिया जा रहा था। छात्रों का अधिगम स्तर उच्च कोटि का पाया गया तथा शिक्षण व्यवस्था की सराहना की गई। कक्षा 3, 4 एवं 5 के विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर भी संतोषजनक पाया गया। टीम द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# कथा सुनने से मनुष्य के जन्मों नष्ट होते हैं पाप : कथा व्यास

**संवाददाता, सुरसा, हरदोई**

**अमृत विचार।** बिलग्राम चुंगी स्थित मोहल्ला राधा नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस पर कथा व्यास आचार्य रोहित त्रिवेदी ने विस्तार से श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। इसके बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालापन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया कंस का आमंत्रण मिलने के बाद भगवान श्री कृष्ण बड़े भाई बलराम के साथ मथुरा को प्रस्थान करते हैं। श्रीमद्भ भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए।

आचार्य ने कहा जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता गया तब भगवान श्री कृष्ण का होता है। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद्भ भागवत कथा सुनने से मनुष्य के जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और मनुष्य का कल्याण हो जाता है। इस कलयुग में भगवान का नाम ही काफी है।



भागवत कथा सुनाते आचार्य रोहित त्रिवेदी।

# नैमिषारण्य में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

## पुलिस और पीएसी के अलावा आसपास के जिलों की पुलिस भी रही मौजूद, ड्रोन कैमरों से हुई निगरानी

नैमिषारण्य, सीतापुर

**अमृत विचार।** फाल्गुन अमावस्या पर नैमिषारण्य तीर्थ में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु पावन चक्रतीर्थ तथा आदिगंगा गोमती के राजघाट और देवदेवेश्वर तट पर स्नान के लिए पहुंचे। सुदूर क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच पुलिस के हमराह पीएसी बल मुस्तैद रहा, ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई।


अमावस्या पर चक्रतीर्थ में आस्था की डुबकी लगाते भक्त। अमृत विचार

अमावस्या के अगले दिन से चौरासी कोसी परिक्रमा प्रारंभ होने के कारण इस तिथि का विशेष महत्व माना जाता है। मंगलवार सुबह 4:00 बजे से ही जत्थों में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। स्नान के बाद भक्तों ने तीर्थपुरोहितों को दान-दक्षिणा दी और ललिता देवी मंदिर, हनुमान गढ़ी सहित प्रमुख देवस्थलों पर दर्शन-पूजन किया। लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग पहुंचे।

**चप्पे-चप्पे पर रही सुरक्षा:** ठाकुरनगर तिराहा और कल्ली मार्ग पर बैरिकेडिंग कर चार पहिया वाहनों का प्रवेश रोका गया। घाटों और मंदिर परिसर में ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस-पीएसी बल के अलावा आसपास के जिलों का पुलिस बल तैनात रहा।

# लखनऊ कूच से पूर्व सांसद समेत कई नजरबंद

- विधानसभा घेराव से पहले पुलिस ने की सख्ती
- सांसद राकेश राठौर बोले- जनता की आवाज नहीं दबेगी, ये लोकतंत्र की हत्या

संवाददाता सीतापुर


सांसद राकेश राठौर के आवास पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मनरेगा और शंकराचार्य से जुड़े मुद्दों को लेकर लखनऊ में प्रस्तावित कांग्रेस प्रदर्शन से पहले जिले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सांसद राकेश राठौर समेत कई नेताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर विधानसभा घेराव के लिए लखनऊ जाने की तैयारी कर रहे सांसद राकेश राठौर को मंगलवार सुबह उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया गया। आवास के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सेवता क्षेत्र के युवा नेता रिजवान, पूर्व जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, विनीत दीक्षित और नगर अध्यक्ष शिशिर बाजपेई को भी घर से बाहर नहीं निकलने दिया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह एहतियाती कदम उठाया गया है। नजरबंदी पर राकेश राठौर ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन से पहले ही नेताओं को रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि दमन से जनसमस्याएं नहीं दबेंगी।

# लेखा लिपिक व बीडीओ को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

**एडीओ का रोका वेतन**

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने मंगलवार को परसेण्डी स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कई पत्रावलियों और रजिस्टरों में अनियमितताएं मिलने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में कमियां पाए जाने पर समाज कल्याण अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर कड़ी नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई। स्थापना पटल पर सेवा पुस्तिका, मानव सम्पदा पोर्टल व अर्जित अवकाश का परीक्षण किया। जनसुनवाई रजिस्टर देखकर शिकायतकर्ता से सीधे फीडबैक लिया। निर्माण कार्यों की पत्रावलियों में फोटो न मिलने पर लेखा लिपिक व बीडीओ रजनीश कुमार शुक्ला के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए। मनरेगा भुगतान रजिस्टर अद्यतन न मिलने पर एपीओ रामशंकर को नोटिस जारी करने को कहा। एडीओ पंचायत का वेतन रोकने तथा सीडीपीओ कार्यालय में पुष्टाहार सत्यापन न मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# बंजारा टाउनशिप का बीडीओ ने जाना हाल

**लहरपुर, सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर स्थित बंजारा टाउनशिप का मंगलवार को खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विस्थापित परिवारों ने अपनी-अपनी समस्याएं सुनाई। निरीक्षण के दौरान बीडीओ के साथ सचिव दिनकर यादव व ग्राम प्रधान प्रेम भी मौजूद रहे। ग्रामीणों कंधई, काली घटा, अनु, कांबली आदि ने नल के पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण, सुरक्षा हेतु बाउंड्री वॉल, मरकरी लाइट लगवाने, तालाब के बीच पुल निर्माण, जमीन का पट्टा व जाति प्रमाण पत्र जारी कराने की मांग की। साथ ही अग्निशमन कर्मियों से हुई मारपीट के मामले में दर्ज मुकदमा वापस लेने की भी मांग की। बीडीओ शैलेंद्र कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी मांगों को उच्चाधिकारियों को भेजकर समाधान का प्रयास किया जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत के बाद बवाल, वाहनों पर पथराव

संवाददाता हरगांव, सीतापुर

- हरगांव थाना क्षेत्र का मामला, तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मौके पर गई जान
- ग्रामीणों ने लगाया जाम, आसपास के थानों की पुलिस ने मोर्चा संभाल कराया शांत

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर राजमार्ग पर सड़क पार कर रहे 60 वर्षीय रामलखन की तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर वाहनों पर पथराव किया। बढ़ते बवाल के बीच आस-पास के थानों की पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद हालात सामान्य कर यातायात बहाल कराया। हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बेनीराजा दशरथपुर के पास सोमवार देर रात सड़क पार कर रहे रामलखन (60) को एक अनियंत्रित तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण और परिजनों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने राजमार्ग पर लकड़ी के बोटे रखकर जाम लगा दिया, कुछ प्रदर्शनकारियों ने गुजरते वाहनों पर पथराव भी किया। महिलाओं ने भी लाठी-डंडों के साथ सड़क पर उतरकर विरोध जताया। ऐसे में काफी देर तक हाईवे के दोनों ओर लंबा जाम लग रहा।

सूचना पर पहुंची कई थानों की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मान-मनोव्वल के बाद स्थितियं सामान्य कर यातायात बहाल कराया गया।

## प्रत्येक मातृ मृत्यु प्रकरण में डेथ करें ऑडिट



विज्ञान कला प्रदर्शनी में ब्रह्मोस मिसाइल के साथ छात्राएं। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर की अध्यक्षता में हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए मातृ सुरक्षा केंद्रों के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि गर्भवती महिलाओं से प्रसव तिथि से पूर्व संपर्क कर आवश्यक सुविधाओं की जानकारी दी जाए। मेटरनल एनीमिया की समय से जांच व उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक मातृ मृत्यु प्रकरण में डेथ ऑडिट किया जाए। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, शत-प्रतिशत टीकाकरण, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन व बजट के शत-प्रतिशत उपयोग पर जोर दिया गया।

## छप्पर में लगी आग, कार समेत गृहस्थी राख


कार में लगी आग बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर।** थाना क्षेत्र के फदिलापुर गांव में मंगलवार को अज्ञात कारणों से घर के बाहर पड़े छप्पर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में छप्पर धू-धूकर जलने लगा। छप्पर के नीचे खड़ी कार भी आग की चपेट में आ गई और पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गांव निवासी विनोद तिवारी के मकान के बाहर दीवार से सटे छप्पर में आग लगी थी। आग फैलने से नीचे रखा गृहस्थी का सामान भी पूरी तरह सर जल गया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक नुकसान हो चुका था। आग का कारण पता नहीं चला।

# चौरासी कोसी परिक्रमा आज से, आस्था के पथ पर बदहाली के कांटे

- अमावस्या स्नान के साथ गूंजेगा परिक्रमा का शंखनाद
- पौराणिक नगरी में उमड़ेगी देशभर से श्रद्धालुओं की भीड़
- सीतापुर-हरदोई मार्ग पर हजारों गड्ढे, हादसे का बढ़ा खतरा, मार्ग व प्रमुख तीर्थों पर तैयारियां अधूरी

मिश्रिख, सीतापुर


84 कोसी परिक्रमा के सीतापुर मिश्रिख मार्ग पर गड्ढे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सृष्टि की आदि स्थली मानी जाने वाली नैमिषारण्य और महर्षि दधीचि की तपोभूमि मिश्रिख क्षेत्र में बुधवार से विश्वविख्यात चौरासी कोसी धार्मिक होली परिक्रमा का शुभारंभ हो रहा है। अमावस्या तिथि के साथ हजारों साधु-संत, महंत और श्रद्धालु आस्था की डगर पर निकल पड़े हैं। प्रशासन के व्यवस्थाएं दुरुस्त होने के दावे जमीनी हकीकत से इतर हैं। बदहाल सड़कों पर जानलेवा गड्ढों से हादसे का खतरा बढ़ चला है। इस बार श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ-साथ बदइंतजामी की परीक्षा भी देनी पड़ेगी। पौराणिक मान्यता के अनुसार जब महर्षि दधीचि ने वृत्तासुर वध के लिए अपनी अस्थियां दान करने का संकल्प लिया, तब उन्होंने समस्त तीर्थों के दर्शन की इच्छा जताई थी। देवराज इंद्र ने 84 कोस की परिधि में सभी देवी-देवताओं और तीर्थों को आमंत्रित किया। तभी से इस परिक्रमा की परंपरा चली आ रही है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस पथ पर चलने से 84 लाख योनियों के चक्र से मुक्ति मिलती है। परिक्रमा बुधवार से 2 मार्च तक विभिन्न पड़ावों से गुजरेगी। हालांकि सीतापुर-हरदोई


महंत संतोष दास।


स्वामी विमलानंद।

मार्ग की स्थिति बेहद खराब है। नैमिषारण्य से मिश्रिख, तहसील चौराहा, करियाडीह, बरमी चौराहा और रामकोट तक सड़क पर हजारों गड्ढे हैं। फोरलेन योजना वर्षों से लंबित है। प्रशासनिक अधिकारी प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं, बावजूद इसके मरम्मत नहीं हो सकी। बुजुर्ग संत और महिलाएं ठोकर खाकर घायल हो रहे हैं।

**बदहाल सड़कें बनीं सबसे बड़ी चुनौती:** महंत संतोष दास खाकी का कहना है कि नैमिषारण्य से मिश्रिख तक करीब 25 किलोमीटर मार्ग पर सैकड़ों गहरे गड्ढे हैं। कई स्थानों पर तो सड़क की परत पूरी तरह उखड़ चुकी है। भारी वाहनों और श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच दुर्घटना की आशंका बढ़ चली है। ब्रह्म ऋषि स्वामी विमलानंद सरस्वती का कहना है कि फोरलेन स्वीकृत होने के बावजूद मरम्मत कार्य वर्षों से लंबित है। ऐसे में भक्तों दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### 84 कोस में समाए 33 कोटि देव

कथा है कि जब महर्षि दधीचि ने दैत्य वृत्तासुर के संहार के लिए अपनी अस्थियां दान करने का संकल्प लिया, तो उन्होंने समस्त तीर्थों के दर्शन की इच्छा जताई। तब देवराज इंद्र ने 84 कोस की इस परिधि में 33 कोटि देवी-देवताओं और सभी पावन तीर्थों को एकत्र किया। तभी से यह परिक्रमा दिव्य मानी जाती है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि इस पथ पर हर कदम आत्मशुद्धि का संकल्प है और इसकी पूर्ण परिक्रमा 84 लाख योनियों के चक्र से मुक्ति दिलाकर मोक्ष का द्वार खोलती है।

### पड़ाववार तिथियां

**17 फरवरी :** अमावस्या स्नान से शुरुआत
**18-20 फरवरी :** कोरौना, हरैया, नगवा कोथावां
**21-23 फरवरी :** गिरधरपुर उमरारी, साक्षी गोपालपुर, देवगवां
**24-26 फरवरी :** मडरूवा, जरिगवां
**28 फरवरी :** मिश्रिख आगमन
**1-2 मार्च :** शाही स्नान व समापन

## किसानों ने सीखी शहतूती उत्पादन की तकनीक


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद रेशम कीट विभाग के अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के तहत राजकीय रेशम फार्म पर आयोजित पांच दिवसीय रेशम कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। रेशम विकास विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 40 कृषकों ने शहतूती रेशम उत्पादन की उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सहायक निदेशक (रेशम) अमित रघुवंशी ने कहा कि प्रशिक्षण में सीखी गई आधुनिक विधियों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। रेशम विकास अधिकारी सतीश कुमार और प्रमोद कुमार ने कोया उत्पादन की नवीन तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि रेशम उत्पादन रोजगार सृजन के साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देता है। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता उरोज अहमद मौजूद रहे।



महोली में रक्तदान करते रक्तदाता। अमृत विचार

## 12 दहेज मुक्त विवाह व रक्तदान शिविर आयोजित

**नेरी, सीतापुर।** महोली क्षेत्र स्थित सतलोक आश्रम में संत रामपाल का 39वां बोध दिवस तीन दिवसीय आध्यात्मिक समागम के बाद सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में प्रदेश व देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने सत्संग, सेवा और सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया। अंतिम दिन तत्वज्ञान और सच्ची भक्ति पर प्रवचन हुए। आश्रम परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित कर 60 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। साथ ही 12 जोड़ों का दहेज-मुक्त रमैनी विवाह सम्पन्न कर समाज सुधार का संदेश दिया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवादार आदर्शदास व हृदेशदास ने बताया कि संत रामपाल का उद्देश्य धर्मग्रंथों पर आधारित सतभक्ति का प्रचार कर नशा और दहेज जैसी कुरीतियों का उन्मूलन करना है। समापन पर श्रद्धालुओं ने सेवा व सदाचार का संकल्प लिया।

## अंजलि, सोनाली व कलपी खो-खो स्पर्धा में चयनित

**सीतापुर, अमृत विचार।** एचसीएल फाउंडेशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के फाइनल ट्रायल में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंड्री स्कूल की तीन खिलाड़ियों अंजलि, सोनाली और कलपी का चयन हुआ है। फाइनल ट्रायल 14 फरवरी को लखनऊ के डीएवी इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। 27 जनवरी को हुए प्रारंभिक ट्रायल में तीनों खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं 3 फरवरी को मिनी स्टेडियम, गोमती नगर में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन ट्रायल में विद्यालय की सुगंधी, आदर्शनी व शगुन का भी चयन हो चुका है।

# आरओ पानी में कमी मिलने पर डीएम खफा

कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज सिधौली का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक और व्यवस्थागत इंतजामों की पड़ताल की। किचेन, पेयजल, साफ-सफाई और कक्षाओं का निरीक्षण किया। आरओ के पानी की गुणवत्ता संतोषजनक न मिलने पर सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने मंगलवार को विद्यालय पहुंचकर मल्टीपर्पज हॉल, भोजनालय कक्ष और किचेन का निरीक्षण किया। छात्राओं को



टंकी का पानी चेक करते डीएम।

दिए जा रहे नाश्ते की गुणवत्ता जांची और स्टोर में रखे राशन को परखा। शौचालय, बाथरूम और स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक मिली। ड्रामेटिक हॉल में कक्षा-6 की छात्राओं से संवाद कर उन्होंने पढ़ाई और मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

## विज्ञान कला संगम प्रदर्शनी में नवाचारों ने मोह लिया मन

**लहरपुर, सीतापुर।** क्षेत्र के शिक्षण संस्थान अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विज्ञान कला संगम विषय पर वार्षिक प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर डॉ. हर्ष पुरी, अदिति पुरी व प्रधानाचार्या कमल शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। छात्रों ने प्लाज्मा गन, स्मार्ट डस्टबिन, चंद्रयान-3 के वर्किंग मॉडल, लिफाय, स्मार्ट इरिगेशन सिस्टम व ड्रोन तकनीक प्रस्तुत कर वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। डांस, रील मेकिंग, ड्राइंग व रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। अंत में लकी ड्रा निकाला गया।

## पवित्र जल में स्नान से मिलती है रोगों से मुक्ति


सूर्यकुण्ड मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुजन। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर पर फाल्गुन माह की अमावस्या के पावन अवसर पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने प्रातः काल से ही श्रद्धालु मंदिर स्थित पवित्र सरोवर में स्नान कर भोलेशंकर की पूजा-अर्चना की। अमावस्या के अवसर पर घरों व विभिन्न मंदिरों में भी विशेष पूजन हुआ। श्रद्धालुओं ने सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर हवन-पूजन किया और यथाशक्ति दान-पुण्य किया। मान्यता है कि इस पवित्र जल में स्नान करने से असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है। मंदिर के पुजारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि अमावस्या पर स्नान-दान का विशेष महत्व है। मंदिर परिसर में लगे मेले में महिलाओं और बच्चों ने खरीदारी की तथा झूलों का आनंद उठाया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## किशोरी से छेड़छाड़, विरोध पर पिता को पीटा

**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दुकान पर बैठी 17 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ हुई। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता के पिता की पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित पिता के मुताबिक, गांव में उनकी परचून की दुकान है। देर शाम उनकी पुत्री बैठी थी। इसी दौरान गांव के युवक ने अश्लील बातें करते हुए बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। शिकायत करने पर आरोपी और उसके साथियों ने पिता को पीट दिया। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि छैला, दिलीप व सहाबू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छैला निवासी अंदेश नगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जारी है।

# पुलिस अधीक्षक ने तीन निरीक्षकों व एक उपनिरीक्षक के किए तबादले

**सीतापुर, अमृत विचार।** अत्याधुनिक संसाधनों और संचार माध्यम से लैस मित्र पुलिस की कवायद से दूर होती रामपुर मथुरा पुलिस को नवागत थानेदार मिल गए। पुलिस और जनता के बीच तालमेल बनाने में खास किरदार न निभा पाने और एक मांगलिक कार्यक्रम में अभद्रता करने के बाद विरोध में विधायक ज्ञान तिवारी की नाराज़गी के साथ प्रदर्शन करने पर संजय पांडेय का तबादला कर दिया गया। नए थानेदार के सामने फिलहाल कई चुनौतियां हैं। क्षेत्र में हाल के ही दिनों में हुई चोरियों का पुलिस कोई खुलासा नही कर सकी है। अपराधी पकड़ से दूर हैं। पुलिस अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुँच सकी है। बाढ़ और कटान इलाके के भख्खापुरवा मजरा खनेवा मितौरा गांव में शीतल भार्गव के घर बीती 27 जनवरी की रात हुई करीब 20 लाख की चोरी के मामले में भी पुलिस खाली हाथ है। कितूरी गांव के राम सुमिरन के घर से 25 जनवरी की रात शातिरों ने लाखों की गृहस्थी समेटी। इसी रात गांव नीता देवी के घर से भी लाखों के वारे-न्यारे किए। शातिरों ने दोनों वारदातों को भगौतीपुर चौकी के नजदीक अंजाम दिया। पीड़ितों ने एफआईआर भी दर्ज कराई थी। कमोबेश ऐसी ही वारदातें थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस आज तक इनका खुलासा नहीं कर पाई। जानकारों की माने तो मित्र पुलिस ने कुछ वारदातों का ज़िक्र तो रोजनामचे तक पर नहीं किया।

### चार थानेदार इधर से उधर

कानून-व्यवस्था को बेहतर और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। राम राघव सिंह को डीसीआरबी/बाढ़ राहत सेल से हटाकर थाना बिसवाँ का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं बिसवाँ के प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा को 45 दिन के अर्जित अवकाश पर भेजते हुए पुलिस लाइन्स संबद्ध किया गया है। सुर्खियों में रहे रामपुर मथुरा के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय को थाना इमलिया सुल्तानपुर की कमान सौंपी गई है।

# महमूदाबाद में 119.47 करोड़ से बनेगा दो लेन रेल ओवरब्रिज

**कवायद**

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** नगर कुर्सी-लखनऊ मार्ग पर समपार संख्या 32 सी पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) निर्माण के लिए 119 करोड़ 47 लाख 20 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीआरआईएफ योजना के तहत महमूदाबाद-कुर्सी-लखनऊ मार्ग पर प्रस्तावित आरओबी निर्माण को शासन ने हरी झंडी दी है। शासन के उप सचिव रिपुंजय गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 11947.20 लाख रुपये निर्धारित की गई है। ओवरब्रिज की अनुमानित लंबाई 750 मीटर होगी। परियोजना के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष में प्रथम किश्त के रूप में 4181.52 लाख रुपये अवमुक्त करने की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। आरओबी निर्माण से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इससे विद्यार्थियों, व्यापारियों, किसानों व आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य ने क्षेत्रवासियों की ओर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रह्मकुमारी ने यात्रा निकाल कर, विश्व शांति का दिया संदेश

**महराजगंज:** कस्बे में ब्रह्मकुमारी भव्य प्रभु संदेश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान शिव बाबा के झांकी के साथ आध्यात्मिक संदेशों का प्रसार किया गया। प्रभु संदेश यात्रा के बाद सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में शिव जयंती मनाई गई। कार्यक्रम प्रमुख ज्योति ने बताया कि कार्यक्रम में शिव भजन भी आयोजन किया गया। मौके भाजपा महिला मोर्चा की सुधा अवस्थी, जाह्नवी आदि रहीं।

### जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**डलमऊ:** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर ग्राम निवासी सुनील कुमार व होरीलाल बाइक से ऊंचाहार की तरफ से बलीपुर गांव जा रहे थे। रास्ते में लालगंज-मुराई बाग रोड पर कृष्णा नगर में सफाई कार्य में लगी नगर पंचायत की जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ भेजवाया गया।

### दंगल प्रतियोगिता आज

**रायबरेली:** डीह ब्लॉक के ग्राम आशापुर में पूर्व विधायक स्व. गजाधर सिंह की 75वीं जयंती पर बुधवार को विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार व पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह होंगे। प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पहलवान कुश्ती कला का जौहर दिखाएंगे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**महराजगंज:** ब्लाक संसाधन केंद्र में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न हुआ। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव के दिशा निर्देशानुसार 50 अध्यापकों का प्रशिक्षण हुआ। इस मौके पर अनुजा शुक्ला, प्रेम बहादुर, नाजिश अनवर, रश्मि शुक्ला, सरिता मौर्य, बिना त्रिपाठी, वंदना, मधुबाला स्नेहाकांत, विवेक कुमार गुप्ता आदि रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**रायबरेली:** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त तहसीलदार के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने के बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में हुई। अध्यक्षता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमोद कंठ के द्वारा की गयी। लदार तिलोई, उमेश चन्द्र त्रिपाठी प्रभारी तहसीलदार महराजगंज, आंकाक्षा दीक्षित तहसीलदार ऊँचाहार उपस्थित रही।

### प्रशिक्षण का हुआ समापन

**छतोह:** छतोह बीआरसी में मंगलवार को समावेशी शिक्षा के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश की उपस्थिति में समापन हुआ। जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 में दिव्यांगजनों की शिक्षा की व्यवस्था उनके लिए सुलभ साधन एवं प्रमाण पत्र तथा जो सरकार द्वारा सुविधा दी जाती है। शिक्षक महेश कुमार मोदनवाल, चंद्र प्रकाश, रमेश कुमार शुक्ला, गिरजेश सिंह, रामकुमार, रोहित मिश्रा, योगेश मलिक, इरशाद अली, फतेह बहादुर, राम जी, अजय कुमार, पवन सिंह, अनिल कुमार सिंह, कुसुम संध्या रहीं।

## चार घरों से नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी

बछरावां (रायबरेली)

वारदात

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के तिलेंडा गांव निवासी अनूप कुमार पुत्र मंसाराम के घर में छत के रास्ते से कमरे में घुस कर चोरों ने बक्से एवं अलमारी का ताला तोड़कर नकदी एवं जेवरात समेत लाखों का माल पार कर दिया।

वहीं गांव के ही संदीप पुत्र छेदालाल के घर में भी चोरों की नियत से पीछे की दीवार से सेंध काटने का असफल प्रयास किया गया। गांव के ही सुभाष पुत्र दिवाकर के घर में चोरी की नियत से घुसे चोर परिजनों के जगने पर मौके से फरार हो गए। वहीं गांव के ही एक पुरवा ककरहिया में दिनेश रैदास पुत्र मैकूलाल ने बताया कि उसके घर में कोई नहीं था। तभी घर में घुस कर चोरों ने बक्से व अलमारी का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों के जेवरात व अन्य सामान पार कर दिया। सभी पीड़ितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटनाओं की जानकारी प्राप्त हुई है, चोरों की जांच की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता मिला नवविवाहिता का शव

शिवगढ़ (रायबरेली)

सनसनी फैली

- मायके पक्ष के लोगों ने लगाया हत्या करने का आरोप

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से नवविवाहिता का शव लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ससुरालीजनों का कहना है कि मृतका ने फांसी लगाई है। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने बेटी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पति और सास को हिरासत में लेने के साथ ही मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रायपुर नेरुवा की है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतका कृष्णावती (20) पत्नी हंसराज का घर में डाट के सरिए से रस्सी के फंदे में शव लटकता मिला। जिसे फंदे से उतार कर पति हंसराज द्वारा निजी वाहन से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद ससुराली जन शव को वापस गांव ले गए, जहां पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के हिंदूगंज मजरे बदावर गांव निवासी मृतका की मां माता देई पत्नी स्व. संतराम और उसके तीनों भाई रजनीश, रमेश और मायाराम ने गला दबाकर मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति हंसराज, सास शीला को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मृतका के गमगीन परिजन। अमृत विचार

**मृतका के पेट में था तीन माह का गर्भः** मृतका की मां माता देई, भाभी वंदना का आरोप है कि मृतका कृष्णावती तीन माह के गर्भ से थी। दहेज को लेकर सास और पति आए दिन उसे प्रताड़ित करते थे। मायके पक्ष से फोन पर बात करने से मना करने का भी आरोप लगाया गया है।

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे बलदी मजरे सैदनपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर सावित्री (25) पत्नी सोनू का शव लटकता मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर आसपास व गांव के लोगों का जमावड़ा लग गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर की जांच की। लोगों की मानें तो सोनू की शादी सावित्री के साथ लगभग तीन वर्ष पहले लालगंज से हुई थी। अचानक बेटी के मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीखपुकार मच गई। परिजन भी आनन-फानन बलदी सिंह के पुरवा पहुंचे। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी राकेश चंद्र ने बताया कि मां की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक और पिकअप की भिड़ंत, तीन लोगों की मौत

## लालगंज-रायबरेली नेशनल हाईवे पर बदई का पुरवा के पास हुई दुर्घटना, सूचना पर पहुंची पुलिस


दुर्घटनास्थल पर खड़ा क्षतिग्रस्त ट्रक।


क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे पड़े लोग, मौजूद पुलिस व अन्य। अमृत विचार

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सोमवार की रात करीब 12 बजे लालगंज-रायबरेली नेशनल हाईवे पर बदई का पुरवा के पास ट्रक ने अनियंत्रित होकर लोडर में टक्कर मार दिया। इसमें लोडर सवार तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार चौक मूर्ति बिहार थाना शिकारपुर जिला बुलंदशहर निवासी ड्राइवर रोहित गुप्ता पुत्र जवाहरलाल बनारस में सामान उतार कर वापस खाली पिकअप लोडर लेकर दिल्ली जा रहा था। लोडर में दो लोग और भी सवार थे, तभी लालगंज कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली मार्ग पर बदई का पुरवा गांव के निकट सामने से आ रहे ट्रक ने लोडर में टक्कर मार दिया, जिससे लोडर सवार रोहित गुप्ता सहित कुंवरपुर थाना पंवारा जिला जौनपुर निवासी विपिन सरोज पुत्र प्रेमचंद और अखिलेश सरोज पुत्र फूलचंद के मौके पर ही मौत हो गई। रात होने के बावजूद सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह, लालगंज चौकी इंचार्ज नितिन मलिक मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पिकअप में फंसे हुए शवों को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि भीषण सड़क हादसे में लोडर सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हुई है। वहीं मृतक विपिन सरोज के चाचा बालचंद सरोज पुत्र रामसुंदर निवासी कुंवरपुर जिला जौनपुर ने दुर्घटना करने वाले ट्रक संख्या बीआर 28 जीबी 4854 और उसके चालक के खिलाफ लालगंज कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**लोडर की टक्कर से दो महिलाएं घायल, अमावां:** मिल एरिया थाना क्षेत्र के छजलापुर मोहल्ला निवासी श्रद्धा श्रीवास्तव (32) पत्नी हरिनंद श्रीवास्तव मंगलवार की सुबह 8:45 बजे अपने परिवार की ही शिवानी (26) पुत्री सलिल श्रीवास्तव के साथ रतापुर की ओर स्कूटी से जा रही थी। रास्ते में प्रगति पुरम के पास पीछे से आए लोडर ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। लोडर की टक्कर से श्रद्धा और शिवानी घायल हो गईं। चालक लोडर समेत भाग निकला। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस में रतापुर चौराहे के पास से दोनों को दबोच लिया। दूसरी तरफ दुर्घटना में घायल श्रद्धा और शिवानी को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। चालक को लोडर समेत कब्जे में ले लिया गया है।

### सड़क हादसे में छात्र की मौत, मचा कोहराम

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** मंगलवार की सुबह महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के मकरंदपुर मजरे जमुरांवा गांव निवासी सचिन पुत्र जगदेव (18) बाइक से रायबरेली की तरफ से महराजगंज आ रहा था कि मिल एरिया थाना क्षेत्र के हरदासपुर शारदा नहर पुल के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों व पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल सचिन को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद टक्कर मारने वाले कार सवार मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों समेत गांव में कोहराम मच गया। सड़क दुर्घटना में मृतक सचिन अपने पिता जगदेव का बड़ा बेटा था। सचिन राजकीय इंटर कॉलेज हलोर में 12वीं का छात्र था। 18 फरवरी से उसकी बोर्ड परीक्षा होनी थी। पिता ने बताया कि कुछ दिन पहले वह और उसका ज्येष्ठ पुत्र पत्तल बनाने की मशीन के बारे में बातचीत कर रहा था। जिसको लेकर वह लखनऊ गया था। वहां से त्रिपुला चौराहा होते हुए वह घर लौट रहा था तभी हरदासपुर शारदा नहर के पास उसके साथ सड़क हादसा हो गया। हादसे के बाद मृतक सचिन के माता-पिता व छोटे भाई नितिन (11) का रो-रो कर बुरा हाल है। मिल एरिया थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


सचिन की फाइल फोटो।

### विद्यालयों के ऊपर से निकल रही हाईटेंशन लाइन की जाएगी विस्थापित

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रही हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापित करने के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि जनपद के 204 परिषदीय विद्यालयों को चिह्नित किया गया है, जिनके ऊपर से जा रहे हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापित किया जाना है। उक्त कार्य के सापेक्ष 97 विद्यालयों में हाईटेंशन लाइन को विस्थापित किये जाने हेतु विद्युत विभाग को बजट जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि ऐसे विद्यालय जिनके परिसर के ऊपर से विद्युत लाइनें गुजर रही है, यदि अभी भी शेष हैं तो उनकी सूची तैयार कर ली जाए, जिससे कोई विद्यालय ऐसा न रहें जिसके परिसर के ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही हो। बैठक में सीडीओ अंजू लता, सीएमओ डॉ. नवीन चन्द्रा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह आदि उपस्थित रहें।


बैठक में मौजूद डीएम हर्षिता माथुर व अन्य।

### काव्यशास्त्र की पुस्तकों का हुआ विमोचन

**सरेनी।** कमला नेहरू पीजी कॉलेज तेजगांव में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बालकृष्ण चौरसिया की दो पुस्तकों भारतीय काव्य शास्त्र एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र का विमोचन किया गया। इन दोनों पुस्तकों में काव्य के विविध पक्षों सहित काव्य के विविध स्वरूपों का भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वानों द्वारा विश्लेषण किया गया है। यह दोनों पुस्तक विभिन्न विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, बैसवारा पीजी कॉलेज लालगंज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश सिंह, डॉ. सारिका गौतम, डॉ. सुशीला गुप्ता, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. दुर्गेश प्रताप सिंह, डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. सदन सिंह, डॉ. देवराज शुक्ला, प्रिया सिंह, अनूप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


पुस्तकों का विमोचन करते प्रो. पीके श्रीवास्तव।

### हाउस अरेस्ट कांग्रेसी नेताओं पर खाकी का पहरा

**लालगंज।** सोमवार की रात कांग्रेस नेताओं के लिए मुसीबत भरी साबित हुई। स्थानीय पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट बताते हुए घर से कहीं भी जाने से मना कर दिया। लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता और जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता पर पुलिस का पहरा रहा। लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक महेश सिंह तोमर की निगाहें उन पर लगी रही और उनके अंडर कस्टडी में दोनों नेता रहे। वही सरेनी इंस्पेक्टर रमेश चंद्र यादव ने भी कांग्रेस नेता गिरीश बहादुर सिंह को हाउस अरेस्ट किया। बताते चलें कि मंगलवार को लखनऊ में कांग्रेस ने मनरेगा के मुद्दे पर विधानसभा का घेराव कार्यक्रम रखा था, जिसमें कांग्रेस नेताओं को पहुंचना था, लेकिन पुलिस की नाकाबंदी के चलते बहुत से नेता लखनऊ नहीं पहुंचे सके।


पुलिस की गिरफ्त में नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता और दीपेंद्र गुप्ता।

## ताला तोड़कर फेरी करने वाले ने चुराए थे सात लाख के जेवरात, गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने को लेकर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम की सक्रियता बढ़ती जा रही है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि शहर कोतवाली के साकेत नगर निवासी शरद श्रीवास्तव पुत्र स्व. शिव प्रकाश श्रीवास्तव ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि चार फरवरी को साले की शादी में गया था। 6 फरवरी की शाम जब वापस आया तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखी नकदी व जेवरात चोरी हो गए थे। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित कर खुलासे के निर्देश दिए। एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से कोतवाल शिव शंकर सिंह ने मंगलवार को चोरी को अंजाम देने वाले अभियुक्त को धर दबोचा। वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर कोतवाली प्रभारी ने शंकर प्रसाद सोनी पुत्र रामप्रसाद निवासी भरतपुरम थाना मिल एरिया को हनुमंतपुरम मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त ने कर्ज अधिक होने के चलते चोरी को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त मोहल्ले में घूम कर फेरी का काम करता था। फेरी के समय साकेत नगर में एक घर का ताला बंद देखा तो कर्ज चुकाने के लिए चोरी करने की योजना बनाई। जिसके पास से नगदी समेत लगभग सात लाख के जेवरात बरामद कर जेल भेजा गया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह, उप निरीक्षक अंकुर दुबे, अतुल मानी, अमरेश, सौरभ यादव, नदीम, सोनू, देवेंद्र मौजूद रहे।


चोरी का खुलासा करते एसपी रवि कुमार, पुलिस गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

खुलासा

## पैसा मांगने पर जहर देकर हत्या करने का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधान के पति ने धोखे से लिखाई गई भूमि का पैसा मांगने पर किसान की जहर खिलाकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। यह हत्या बीती शिवरात्रि के दिन हुई है। भूमि का बैनामा पांच साल पहले सन 2020 में हुआ था।

कोतवाली क्षेत्र के कंदरावा गांव की महिला बूधा देवी का आरोप है कि उनके पति रामदीन के नाम गांव में एक भूमि थी। जिसका शहजादपुर गांव की पूर्व प्रधान रही एक महिला के पति ने उसके पति को गवाही देने के लिए सन 2020 में तहसील ले गया और उसकी जमीन का अपने पक्ष में बैनामा करा किया। इसकी जानकारी काफी समय बाद महिला को हुई तो उसके पति ने बताया कि उसने गवाही दी है और पूर्व प्रधान पति ने कुछ कागज पर उससे अंगूठा लगवाया है। उसके बाद महिला पूर्व प्रधान के पास पहुंची तो उसने काफी आनाकानी के बाद स्वीकार किया कि उसने भूमि का बैनामा कराया है, जिसका पैसा वह धीरे-धीरे दे देगा। महिला का आरोप है कि इधर जब उसका पति पैसे के लिए पूर्व प्रधान पति पर दबाव बनाने लगा। बीती 15 फरवरी को सुबह उसके पति को वह बुलाकर कही ले गया और शाम को उसकी हत्या करके शव उसके घर के दरवाजे पर फेंक दिया गया। जब वह अपने पति के पास पहुंची तो उसे मृत अवस्था में देखकर सन्न रह गई। महिला का आरोप है कि उसके पति को जहर खिलाकर मारा गया था। उसने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर गांव पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि मामले में केस दर्ज करके आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

### टेली लॉ से आसान हुआ न्याय का रास्ता, समय पर सलाह से लोगों को मिल रही राहत

**संवाददाता, रायबरेली।** राही ब्लाक सभागार में टेली लॉ योजना को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सीएससी सीनियर मैनेजर योगेश मिश्रा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमोद कंठ का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। राज्य समन्वयक वागीश सिंह ने कहा कि टेली लॉ योजना तकनीक के माध्यम से न्याय को आमजन के घर तक पहुंचाने की सशक्त पहल है। उन्होंने बताया कि टोल-फ्री सुविधा, कॉमन सर्विस सेंटर और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लोग पैनल अधिवक्ताओं से सीधे संवाद कर अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों, श्रम संबंधी मुद्दों और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े प्रकरणों में टेली लॉ के माध्यम से दी गई समयबद्ध सलाह से लोगों को त्वरित राहत मिल रही है और कई विवाद अदालत तक पहुंचने से पहले ही सुलझ रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के सचिव अमोद कंठ ने कहा कि टेली लॉ योजना समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के लिए न्याय तक पहुंच को सरल बनाती है। मौजूद लोगों ने कॉमन सर्विस सेंटर की योजनाओं को लेकर सीएससी सीनियर मैनेजर योगेश मिश्रा से प्रश्न पूछे।

यूपी बोर्ड परीक्षा

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बने कंट्रोल रूम से परीक्षा की होगी सीधी निगरानी, अफसरों ने खंगाले केंद्र

# जिले के 107 केंद्रों पर 69661 छात्र-छात्राएं आज देंगे परीक्षा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल और इंटर परीक्षा 2026 बुधवार से शुरू हो जाएगी। इसको लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी से लेकर चाक चौबंद व्यवस्था कर ली है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर जिला स्तरीय अधिकारियों ने अलग-अलग केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर कंट्रोल रूम से सीधी नजर रखी जाएगी।

जिले में 107 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें हाईस्कूल-इंटर के 69661 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगा। जिलाधिकारी ने सभी नामित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केंद्रों का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण करते हुए केंद्र पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश दिए हैं। प्रथम पाली का समय प्रातः 08:30 बजे से 11:45 बजे और द्वितीय पाली का समय अपरान्ह दो बजे से शाम 05:15 बजे तक रहेगा। परीक्षाओं को पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न करने के लिए जनपद को 9 जोन एवं 19 सेक्टर में विभाजित करते हुए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र, व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। यहां परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों से न्यूनतम एक किमी की परिधि में फोटो कापियर्स एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक दशा में न्यूनतम एक घंटे पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम में मोबाइल फोन के साथ प्रवेश वर्जित रहेगा।

### परीक्षा पर एक नजर

- परीक्षा केंद्र- 107
- हाईस्कूल परीक्षार्थी- 38026
- बालक- 19178
- बालिका- 18848
- इंटरमीडिएट परीक्षार्थी- 31635
- बालक-15721
- बालिका- 15914
- कुल परीक्षार्थी- 69661


राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते सेक्टर मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

**सेक्टर मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा, महराजगंजः** सेक्टर मजिस्ट्रेट जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान ने चार परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जीआईसी हलोर, स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर महराजगंज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महराजगंज, न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू व राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कॉलेज महराजगंज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था, मानक के अनुरूप सीटिंग अरेंजमेंट, पेयजल व शौचालयों को दुरुस्त करने के के अलावा डेस्क-बेंच सुव्यवस्थित लगाने और परीक्षा नियमों के अनुसार उचित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी केंद्रों के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था और नकल रोकने के इंतजामों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने पुलिस प्रशासन को स्ट्रांग रूम की कड़ी निगरानी रखने के लिए भी सचेत किया है।

> जिले में 107 केंद्र के लिए नौ जोन बनाए गए हैं। 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट हैं। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पूरी व्यवस्था की गई है।
>
> -संजीव कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक।

### सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर : राकेश

**लालगंज (रायबरेली)।** श्री बाबा बाल्हेश्वर धाम में आयोजित श्रृंगार समारोह में पूर्व विधायक राकेश सिंह का कमेटी के लोगों के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राकेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना सदैव उनकी प्राथमिकता में रहा है। धार्मिक कार्यों में सहयोग करना बड़ा ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि जब भी जरूरत होगी, वह सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। राम भक्त चंदन त्रिवेदी ने पूर्व विधायक राकेश सिंह को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्रृंगार समारोह में स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी और भाजपा नेता जेपी सिंह, भाजपा नेता रवीन्द्र सिंह, पंडित झिलमिल जी महाराज, अनुज अवस्थी, चंदन त्रिवेदी, विकास तिवारी, शिवम बाजपेई, अवनीश पांडे, केडी तिवारी, कीर्ति मनोहर शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।


पूर्व विधायक राकेश सिंह का स्वागत करते कीर्ति मनोहर शुक्ला व मौजूद अन्य। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने वांछित को भेजा जेल

**सिंहपुर (अमेठी) :** वांछित को भेजा जेल सिंहपुर अमेठी शिवरतनगंज पुलिस ने मंगलवार को एनबीडब्लू के वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। एसओ दया शंकर मिश्रा ने बतायाकि थाना क्षेत्र के पूरे सर्वजीत की बाजार मजरे सिंहपुर निवासी अलीम ने गांव के ही रियाज अहमद के बैंक ऋण मे गारंटी लें रखी थी। रियाज अहमद के ऋण न जमा करने की स्थित मे न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। पुलिस को काफ़ी दिनों से आरोपी अलीम चकमा दे रहा था। मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### एंबुलेंस में तड़पती रही प्रसूता, हंगामा

**अमेठी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठे जब प्रसव पीड़ा से कराहती महिला एंबुलेंस में ही पड़ी रही। परिजन उसे लेकर पहुंचे, मगर आरोप है कि काफी देर तक कोई देखने नहीं आया। लोगों का कहना है कि महिला वार्ड के सामने डॉक्टर की गाड़ी खड़ी थी, जिसे हटाने में भी देर हुई। इसी दौरान प्रसूता दर्द से तड़पती रही। आक्रोशित लोगों ने हंगामा किया। सीएमओ अंशुमान सिंह ने जांच कर कार्रवाई की बात कही।

### युवक के लापता होने से परिवार में कोहराम

**अमेठी :** मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे बोधई गढ़ामाफी गांव का है जहां पर कल सोमवार को घर से रवि यादव पुत्र नरेन्द्र यादव तैयार होकर निकला और वापस घर नहीं गया तो परिजन परेशान हुए और चारों तरफ ढूंढना शुरू किया रिश्तेदारी में फोन कर जानकारी ली लेकिन वहां भी वह नहीं पहुंचा जिससे आज सुबह परेशान होकर लापता बेटे के पिता ने कोतवाली मुंशीगंज में लिखित तहरीर देते हुए बेटे के गुमशुदगी कहानी रिपोर्ट दर्ज कराई और परिजन सर दर्द बेटे को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं और हर तिराहे चौराहे व रेलवे स्टेशन के इर्द-गिर छानबीन करते हुए सीसीटीवी कैमरे को भी खगने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन कोई सुराग बेटे का नहीं मिला उधर बेटे के गुमशुदा होने पर परिजनों वी मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

### टीम ने आरोग्य मंदिर का लिया जायजा

**अमेठी :** मंगलवार को केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं की जमीनी हकीकत देखने बाहर से आई दो सदस्यीय टीम ने सीएचसी अमेठी के कटरा फूलकुंवर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टर अंशुमान सिंह मौजूद रहे। टीम में डॉक्टर निधि यादव और डॉक्टर प्रशांत ने मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलने वाले आरोग्य मंदिर में स्टाफ से बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर चर्चा भी की गई।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**तिलोई (अमेठी) :** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अन्तर्गत देर शाम लगभग आठ बजे ग्राम खाना पुर चपरा निवासी चन्द्र प्रकाश पासी पुत्र सूरजपासी मोटरसाइकिल से डहरुवा मजरे पाकरगांव निमंत्रण गये हुए थे वह अपने घर वापस रात्रि लगभग आठ बजे लौट रहे थे जैसे ही मोहनगंज चौराहे पर पहुंचे ही थे उनकी बाइक जगदीशपुर की तरफ आ रहे अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई जिससे चंद्र प्रकाश पासी बुरी तरह घायल हो गए राहगीरों की मदत से घायल चन्द्र प्रकाश को लोधवारिया स्थित 200बैड में भर्ती कराया गया है जहां गम्भीर चोट लगने के कारण प्रार्थमिक उपचार के बाद रायबरेली जिले में स्थित एम्स हासि्पटल रेफर कर दिया गया है घटना के बाद दूसरा वाहन फरार हो गया इस सम्बन्ध में थाना ध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया मामला जानकारी में है लेकिन अभी तक कोई शिकायती प्रार्थनापत्र नहीं प्राप्त हुआ है।

# पानी में उतराता मिला युवक का शव

## दौलतपुर गांव के पास सड़क किनारे की घटना, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** मंगलवार की शाम दौलतपुर गांव के पास सड़क किनारे खंती में युवक का शव पानी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के साथ बाइक और एक बैग भी बरामद किया। मृतक की पहचान मोहित पुत्र गेंदालाल (28) पूरे गोसाई मजरे ममुनी कोतवाली सलोन के रूप में हुई।

युवक की मां विद्यावती ने बताया कि उनका बेटा पांच दिन पूर्व बाइक से दोस्तों के साथ निकला हुआ था। इसके बाद घर वापस नहीं आया। वह घर से अपनी ससुराल पूरे बैसन मजरे जिगना जाने के लिए कह कर निकला था। जिसमें उसकी पत्नी सपना ने सलोन थाने में प्रार्थना पत्र भी दिया था। लेकिन मंगलवार को मोहित का शव दौलतपुर गांव के पास खंती में मिला है। परिजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया। सूचना पर सीओं डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।


मोहित की फाइल फोटो।

जगतपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही की। उधर परिजन लगातार मृतक के साथियों पर हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। मृतक के भाई अमित व राहुल, बहन शिवानी, मोहिनी, पत्नी सपना का रो रो के बुरा हाल है। मृतक का एक पांच माह का बेटा भी है। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। युवक के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**पुलिस की कार्यशैली पर भड़के परिजन, किया हंगामा:** पुलिस शव को लेकर पिकअप वाहन से पोस्टमार्टम के लिए जल्दबाजी में रायबरेली के लिए ले जा रही थी। नाराज परिजनों ने शव को उठाकर सड़क पर रख दिया और हंगामा करने लगे। हंगामा बढ़ता देख भारी संख्या में पुलिस पहुंची और शव को फिर से पिकअप में रखा गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव, मचा हड़कंप

**डलमऊ (रायबरेली), अमृत विचार।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी का शव फंदे पर लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नरहरपुर गांव निवासी राम सुमेर की पुत्री शांति देवी (16) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकता देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। इसकी सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता द्वारा कोतवाली डलमऊ में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उसकी पुत्री बीती 16 फरवरी को अचानक कहीं गुम हो गई थी। जिसकी सूचना 1076 पुलिस को दी थी। 17 फरवरी को सुबह वह सभी पुत्री की खोजबीन कर रहे थे, तभी गांव निवासी शत्रोहन के खेत के पास बने नाले पर स्थित पेड़ पर दुपट्टे के सहारे उसकी पुत्री का शव लटकता हुआ मिला। मृतका के पिता ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### जहरीला पदार्थ खाने से दो युवक गंभीर

**तिलोई (अमेठी) अमृत विचार।** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बहलोलपुर मजरे शकरगंज निवासी देशराज पुत्र जयदेव उम्र 35 वर्ष ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी परिवारिक जनों को जानकारी मिलने के पश्चात तत्काल लोधवारिया स्थित 200बेड लाया गया। अस्पताल में भर्ती करने पर वहां युवक की हालत गम्भीर होने पर तत्काल एम्स हास्पिटल रायबरेली रेफर कर दिया है। जहां हालत गम्भीर बनी हुई है। वहीं दूसरी घटना ग्राम गडेहरी में नफीस पुत्र बब्बन बेनहा उम्र 36 वर्ष ने शाम को कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी मिलने के पश्चात परिवार के लोग सूर्या हास्पिटल बी.एच.एल ले गये। जहां गम्भीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया। लोगों ने बताया कि युवक मेहनत मजदूरी कर अपना तथा दो बच्चों सहित परिवार पालन-पोषण करता था लेकिन इधर कुछ दिनों से कर्ज लेने से काफी परेशान रहते उसने यह कदम उठाया था।

## प्रवेश पत्र रोके जाने से 12वीं के छात्र की बिगड़ी तबीयत


छात्र की तबीयत बिगड़ने पर सीएचसी लेकर पहुंचे अभिभावक। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा से ठीक पहले कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रायपुर फुलवारी स्थित सेपियन स्कूल पर छात्र का प्रवेश पत्र रोकने का आरोप लगा है। तनाव इतना बढ़ा कि सीबीएसई बोर्ड के 12वीं के छात्र अंशुमन त्रिपाठी की तबीयत बिगड़ गई और परिजन अफरा-तफरी के उसे सीएचसी ले जाने को मजबूर हो गए।

मामला अमेठी के कोतवाली क्षेत्र स्थित रायपुर फुलवारी के एक निजी विद्यालय से जुड़ा है। आरोप है कि कक्षा 12 के छात्र अंशुमन त्रिपाठी का प्रवेश पत्र स्कूल प्रबंधन द्वारा रोक लिया गया। परिजनों का कहना है कि प्रवेश पत्र न मिलने से बच्चा गहरे तनाव में आ गया। हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एंजायटी और डिप्रेशन जैसी स्थिति बताई। बोर्ड परीक्षा बिल्कुल नजदीक है। बार-बार स्कूल जाने के बावजूद प्रवेश पत्र नहीं दिया जा रहा। बच्चा मानसिक दबाव में है। अगर समय पर प्रवेश पत्र नहीं मिला तो उसके पूरे साल की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।"

अभिभावक लोकेश त्रिपाठी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन पर गुंडा टैक्स वसूली करना चाहता है उसका कर रहे हैं विरोध। उनका कहना है कि वे इस दबाव का विरोध कर रहे हैं, लेकिन इसकी कीमत बच्चों को चुकानी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि मामला सीबीएसई से संबद्ध स्कूल का है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है ये विद्यालय पहले भी विवादों को लेकर चर्चा में रहा है। फिलहाल परिजन और स्थानीय लोग प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। अब देखना होगा कि बच्चों के भविष्य पर मंडरा रहा यह संकट कब तक टलता है।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमेठी।** सेक्टर ताला में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए प्रारम्भिक बाल शिक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 31 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया और बच्चों की समग्र देखभाल व शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ईसीई टेस्ट, बच्चों की दैनिक दिनचर्या, अभिभावक-शिक्षक बैठक में समाज की भागीदारी बढ़ाने तथा पोर्टफोलियो बैग के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य सेविका रामवती, पूरिमा मैम तथा सुरेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने सभी कार्यकर्त्रियों को प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपने-अपने केंद्रों पर लागू करने की सलाह दी, ताकि बच्चों के सीखने के स्तर और अभिभावकों की भागीदारी में सुधार हो सके।

## नौनिहालों का सर्वांगीण विकास मेरा लक्ष्य : डॉ. चंदा

जायस (अमेठी)

**अमृत विचार।** जायस नगर में मिल एरिया में स्थित मून लैण्ड इण्टर नेशनल स्कूल बहुत ही कम समय में ख्याति के साथ -साथ नये नये कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। विगत सोमवार को विद्यालय के निदेशक डॉ. मशरूर चंदा के निर्देशन में भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान निदेशक डॉ. मशरूर चंदा ने कहा कि नौनिहालों का सर्वांगीण विकास मेरा प्रमुख लक्ष्य है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुनील कुमार द्विवेदी, विद्यालय के निदेशक डॉ. चंदा, प्रधानाचार्य श्रद्धा अवस्थी तथा केन्द्र प्रबंधक सुप्रिया शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा राष्ट्रभक्ति एवं समरस


मुख्य अतिथि सुनील कुमार को सम्मानित करते डॉ. मशरूर चंदा।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चे। अमृत विचार

**वार्षिकोत्सव**

भावना से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने कार्य क्रम में उपस्थित अभिभावकों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्धि आनन्द के क्लासिकल नृत्य ने दर्शकों में मनोहारी छटा बिखेर दी। वहीं बच्चों द्वारा ओल्ड एज होम, पहलगाम अटैक जैसी एकांकी प्रस्तुति ने सभी को शोकाकुल कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र -छात्राओ में अर्पणा, अनुष्का, नविका, अभय राय, और खुशबू प्रमुख रहे। मुख्य अतिथि सुनील कुमार द्विवेदी विशिष्ट अतिथि डॉ.बृजेश सिंह ने छात्रों एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए, स्टूडेंण्ट ऑफ द ईयर का एवार्ड एहति साम हुसैन शत् प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र का एवार्ड पीयूष,एहित साम,बशरा, नोमान को दिया गया, श्रेष्ठ नृत्यांगना का एवार्ड प्रसिद्धि आनन्द को दिया गया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के निदेशक डॉ. मशरूर चंदा ने सभी अतिथियों व आगन्तुकों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि पेशे से चिकित्सक होने के नाते जीवन रक्षा एवं स्वास्थ्य रक्षा के साथ क्षेत्र के नौनिहालों को शैक्षिक क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में उनको बुलंदी की ऊंचाइयों तक ले जाना यही मेरे जीवन का मूल लक्ष्य है।

### यूपी बोर्ड परीक्षा में 48,333 छात्र होंगे शामिल

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षाएं कल से शुरू होने जा रही हैं, जिसके लिए शिक्षा विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 85 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इन केंद्रों पर कुल 48,333 छात्र-छात्राएं परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए 85 केंद्र व्यवस्थापक, 4 जोनल सेक्टर प्रभारी, 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 85 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। यह मजिस्ट्रियल टीम परीक्षा के दौरान हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि परीक्षा नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। शिक्षा विभाग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक छात्र को समान अवसर मिले और वे अपनी मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त करें। इन परीक्षाओं के माध्यम से छात्रों के ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन किया जाएगा, जो उनके भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने यह भी सुनिश्चित किया है कि परीक्षा केंद्रों पर छात्रों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपनी परीक्षा दे सकें। यह परीक्षा छात्रों के शैक्षणिक सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, और विभाग इसे सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### प्रशिक्षित होंगे आंगनबाड़ी के बच्चे

**लालगंज (रायबरेली)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में दो दिवसीय वण्डर बॉक्स कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य खेल-खेल द्वारा बच्चों के अंदर कौशलों का विकास करना है। वण्डर बॉक्स की सहायता से बाल वाटिका व कक्षा एक के बच्चों को प्रशिक्षित किया जाना है। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा ने कहा कि यह वंडर बॉक्स आईआईटी गांधीनगर द्वारा 18 प्रकार की खेल सामग्रियों के साथ विकसित किया गया है। इसके द्वारा बच्चे खेल-खेल में बहुत सारी बातें सीख जाएंगे। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणदाता के रूप में गौरव दीप एआरपी, हेमा पांडे, गीता देवी, विमलेश ने ब्लॉक की 61 आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयों को प्रशिक्षित किया।


प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री।

### हाई टेंशन लाइन से टकराकर घायल हुआ जटायु

**जामो (अमेठी)।** त्रेता युग में भगवान राम की सहायता करने वाले पक्षीराज जटायु की याद दिलाने वाली एक मार्मिक घटना जामो थाना क्षेत्र के गोरियाबाद गांव में सामने आई है। हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक विशाल गिद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे किसान ने मानवता दिखाते हुए घायल पक्षी को घर लाकर उसका उपचार शुरू किया वन विभाग को जानकारी होने पर तत्काल पहुंच कर उसे कब्जे में लिया और इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया मामला अमेठी जिले के जामो थाना क्षेत्र के गोरियाबाद गांव का है। ग्रामीणों के अनुसार, खेतों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन से टकराने के बाद यह गिद्ध जमीन पर गिर पड़ा। उसी दौरान वहां से गुजर रहे किसान की नजर घायल पक्षी पर पड़ी। किसान ने बिना देर किए उसे उठाकर अपने घर पहुंचाया और प्राथमिक उपचार किया।

## बालिकाओं को सशक्त बनाने में निभाएं अहम भूमिका : राहुल



सुगमकर्ता को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते बीएसए राहुल सिंह व अन्य।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अमावां विकास खण्ड के बीआरसी में प्रतिभागी सुगमकर्ताओं एव मास्टर ट्रेनर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह रहे। उन्होंने कहा कि सभी सुगमकर्ताएं समर्पणभाव से बालिकाओं को सशक्त एवं मुखर बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं तथा प्रत्येक शनिवार दोपहर बाद मंच का संचालन करके टूलटेन अवश्य भरें। बीईओ रिचा सिंह ने बताया कि मीना मंच के माध्यम से बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। जनपद नोडल मीना मंच एसएस पांडेय ने बताया कि मीना मंच कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उनकी सफलता मूलक कहानी को अन्य बालिकाओं के बीच साझा कर उन्हें भी आगे बढ़ने के लिए भी मंच, माइक और मौका दिया जाता है। प्रशिक्षक के रूप में सीमा सिंह, संगीता मिश्रा, ब्लॉक नोडल संगीता सिंह, ब्रिजिश अंजुम, फरीदा बेगम, अरूनधति, अनीता, स्वीटी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्रमण नियंत्रण उपायों का पालन अनिवार्य

**समारोह**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में नर्सिंग विभाग ने सात दिवसीय स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संक्रमण नियंत्रण के क्षेत्र की प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अस्पताल जनित संक्रमणों को कम करने और रोगियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सख्त संक्रमण निवारण उपायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।


कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं निदेशक डॉ. अमिता जैन व अन्य। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि साक्ष्य-आधारित संक्रमण नियंत्रण उपायों का पालन समग्र स्वास्थ्य सेवाओं के परिणामों में सुधार के लिए अनिवार्य है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सहायता संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य रूप से नर्सिंग अधिकारियों के लिए किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संक्रमण नियंत्रण संबंधी उनके ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करना है। यहां डीन प्रो. डॉ. नीरज कुमारी, डीन परीक्षा प्रो. डॉ. प्रगति गर्ग, डीन अनुसंधान प्रो. डॉ. अर्चना वर्मा, उप-निदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल यूएन राय व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### जेईई मेन्स में आशुतोष ने किया नाम रोशन

**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के कंधई सरुवांवा गांव के होनहार छात्र आशुतोष द्विवेदी ने जेईई मेन्स परीक्षा में 98 .35 पर्सेंटाइल हासिल कर परिवार और इलाके का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही उनके घर पर बधाई देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे गांव में खुशी का माहौल बन गया। आशुतोष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुओं को देते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी। आशुतोष के पिता संतोष द्विवेदी इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। बेटे की सफलता पर उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि आशुतोष शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहा है। अब आशुतोष की नजर जेईई एडवांस पर है और वह पूरी लगन और मेहनत के साथ उसकी तैयारी में जुट गए हैं। गांव और क्षेत्र के लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सीटेड और सीमैप के बीच हुआ करार

**जगदीशपुर (अमेठी)।** क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक बड़ी पहल हुई है। सेन्टर आफ टेक्नोलाजी एण्ड इण्टरप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) ने लखनऊ स्थित सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) के साथ एक तकनीकी अनुबंध किया है। यह समझौता सीएसआईआर की महानिदेशक एन. कलैसेल्वी की उपस्थिति में किसान मेले के दौरान संपन्न हुआ। सीटेड के निदेशक इंजीनियर संजय सिंह ने बताया कि इस समझौते के तहत "वेस्ट टू वेल्थ" तकनीक पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके माध्यम से मंदिरों और अन्य आयोजनों में चढ़ाए गए अपशिष्ट फूलों से अगरबत्ती और धूप बनाने जैसी तकनीकों का प्रसार किया जाएगा। सीमैप और सीटेड मिलकर युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना हो सकेगी। इस साझेदारी के तहत तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण मॉड्यूल और उत्पाद नवाचार में भी सहयोग मिलेगा। संजय सिंह के अनुसार, इस हरित तकनीक से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि क्षेत्र में स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया।

### श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**मुसाफिरखाना (अमेठी)।** क्षेत्र के पूरे सूबेदार मजरे माना मदनपुर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। मुसाफिरखाना के इस धार्मिक आयोजन में आचार्य संतोष त्रिपाठी, जो वृन्दावन से पधारे हैं, श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा के षष्टम दिवस की सायंकालीन बेला में सैकड़ों महिला-पुरुष भक्तों ने भाग लेकर भक्ति रस में डूबकर कथा का श्रवण किया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान की कथा सदैव रसमयी होती है, इसकी मिठास कभी कम नहीं होती। भागवत कथा भगवान तक पहुँचने का सशक्त माध्यम है और जब भगवान किसी को अपना बनाना चाहते हैं, तभी कथा का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि संतों की कोई जाति नहीं होती और देश महात्माओं की कृपा से चल रहा है। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मुख्य यजमान लालता प्रसाद पाण्डेय एवं शैल कुमारी के संयोजन में हो रहा है। आयोजकों ने बताया कि जगन्नाथपुरी और चारधाम यात्रा के बाद यह कथा 12 से 18 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। कथा में रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की गई। 20 फरवरी को भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की गई।

**परेशानी** | अधिकारियों की लापरवाही के चलते कार्यालय में चक्कर लगाने के बाद मायूस होकर लौट रहे लोग

# चकबंदी प्रक्रिया किसानों के लिए बन गई सिरदर्द

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** किसानों की सुविधा के लिए शुरू की गई चकबंदी प्रक्रिया अधिकारियों और कर्मचारियों की घोर लापरवाही के कारण किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग पर श्री का पुरवा के समीप स्थापित चकबंदी कार्यालय पिछले करीब चार सालों से किसानों के लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। यहां सुबह से शाम तक किसानों को भूखे पेट चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और अंत में मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।


चकबंदी कार्यालय में लगी किसानों की भीड़। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार चकबंदी विभाग द्वारा किसानों के लगभग हर गाटे के लिए नोटिस भेजा जा रहा है। इससे बाहर रहकर रोजी-रोटी कमाने वाले किसान भी अपनी कमाई छोड़कर घर लौट रहे हैं। बार-बार बुलाए जाने से वे बेहद परेशान हैं। कुछ किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चकबंदी विभाग के कर्मचारी हर छोटी-छोटी नोटिस पर भी मुंह मांगी रकम वसूल रहे हैं। विभाग द्वारा प्रपत्र पांच बांटने के बाद से किसानों को नोटिस देकर बुलाया जा रहा है, जिसमें कई ऐसी खामियां हैं जो केवल धन वसूली के इरादे से की गई प्रतीत होती हैं। प्रपत्र पांच में बंटवारे को लेकर भी अधिकारी मनमाने ढंग से लिखकर नोटिस भेज रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चंद्र तिवारी ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। चकबंदी कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किसानों के प्रति बरती जा रही लापरवाही और अवैध धन वसूली से लोगों में भारी रोष है।

वहीं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने कहा कि चकबंदी प्रक्रिया पूरी तरह से निःशुल्क है। यदि कोई कर्मचारी पैसा लेता पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से नोटिस मिलने पर अपना पक्ष आकर रखने की अपील की और कहा कि चकबंदी एक लंबी प्रक्रिया है, जिसमें धैर्य की आवश्यकता होती है।

### साइकिल व बाइक की टक्कर में दो लोग घायल

**तिलोई (अमेठी)।** मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत तिलोई-इन्हौना मार्ग पर स्थित ग्राम रामपुर मजरे कोची में देर शाम साइकिल सवार राम समुझ उम्र 60वर्ष रामपुर में मंदिर पर आयोजित मेला देख कर वापस अपने घर कोची लौट रहे थे। जैसे खान चक्की के पास रामपुर पहुंचे ही थे इन्हौना की तरफ से मोटरसाइकिल सवार थाना फुर्सतगंज निवासी रामबिलास पुत्र रामदेव उम्र 61 वर्ष की बाइक सवार से टक्टरा गई। जिससे बाइक सवार तथा साइकिल सवार दोनों बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों लोगों को अस्पताल में भतीर् कराया। जहां राम समुझ को परिजन घर लेकर चले गए, जबकि रामबिलास का इलाज जारी है।

